www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

15 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 57









## न्यूज रील्स

### लालकृष्ण आडवाणी आइसीयू में भर्ती

नयी दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे आइसीयू में हैं। अस्पताल के मुताबिक उनकी हालत स्थिर है। 97 साल के आडवाणी को करीब दो दिन पहले अस्पताल लाया गया था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें सर्दी-खांसी की परेशानी हुई थी, जो पॉल्यूशन के चलते और बढ़ गयी। फिलहाल उन्हें 48 घंटे के लिए न्यूरोलॉजी विभाग में डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया हैं। इससे पहले, 26 जून को एम्स दिल्ली में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में उनका एक छोटा ऑपरेशन हुआ था।

# एक देश-एक चुनाव, बिल कल लोकसभा में आयेगा




- कानून मंत्री पेश करेंगे, जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य बनाने वाला बिल भी आ सकता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार सोमवार को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव से जुड़े दो बिल पेश करेगी। इन दोनों बिल को 12 दिसंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी भी मिल चुकी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पहले एक देश-एक चुनाव के लिए 129वां संविधान संशोधन बिल पेश करेंगे।

संविधान संशोधन के जरिये एक नया अनुच्छेद जोड़ने और तीन अनुच्छेदों में संशोधन करने की व्यवस्था की जायेगी। सरकार एक देश-एक चुनाव मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा बिल को ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) को भेजे जाने की संभावना है। इसके अलावा दूसरा बिल केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े तीन कानूनों में संशोधन का है। इसमें द गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज एक्ट-1963, द गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली-1991 और द जम्मू एंड कश्मीर रिऑर्गनाइजेशन एक्ट- 2019 शामिल हैं।

इस दूसरे बिल के जरिये जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए भी संशोधन किया जा सकता है।

### मंत्रिमंडल ने विधेयक को दे दी है मंजूरी

एक देश-एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर, 2023 को एक कमेटी बनायी गयी थी। कमेटी ने करीब 191 दिनों में देशव्यापी चर्चा के बाद 14 मार्च, 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी है।

# हमारी सरकार ने आधी आबादी को किया सशक्त : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने बरहेट के भोगनाडीह से योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास
- विधायक कल्पना भी थीं साथ, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी-मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य की हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार की जगह ढाई हजार रुपये की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री शनिवार को बरहेट के भोगनाडीह में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास और परिसंपत्ति वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उनकी पत्नी सह विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूं। आपने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने भगनाडीह स्थित सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद- भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कल्याणकारी योजनाओं से लोग हो रहें लाभान्वित:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। हमारी सरकार के गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेशवासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हों, इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।




### हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार

हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गांव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों की जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सभी की उम्मीद और आकांक्षा को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नयी गाथा लिख कर इस राज्य को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्यवासी के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आये।

### मुख्यमंत्री ने दी 224 योजनाओं की सौगात

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहिबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रुपये की 224 योजनाओं की सौगात दी। इस अवसर पर विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मो ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा: अभ्यर्थी और जेएसएससी आमने-सामने

- विभिन्न जिलों से रांची में जुटेंगे अभ्यर्थी, आज करेंगे प्रर्दशन
- जेएसएससी के सचिव ने कहा परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं

*रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर अभ्यर्थी और जेएसएससी आमने-सामने आ गये हैं। अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगा रहे। राज्यभर के अभ्यर्थी रविवार को रांची में जुट रहे हैं। वे प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करायेंगे। वहीं, जेएसएससी सचिव ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उधर, स्पेशल ब्रांच ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें राज्य भर से पांच हजार से अधिक अभ्यार्थियों के जमा होने की उम्मीद जतायी है। इस अलर्ट पर पुलिस प्रशासन ने किसी आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी कर ली है।*

## सीजीएल परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं सारे आरोप बेबुनियाद : सुधीर गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा है कि सीजीएल परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हर तरह की जांच के बाद वह यह कहने की स्थिति में हैं कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि हाल में जेएसएससी के पदाधिकारियों को जान से मारने की धमकी भी दी गयी है। धमकी इ-मेल के जरिये दी गयी है। गुप्ता शनिवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

**उपलब्ध करायी गयी सीडी खाली थी:** गुप्ता ने कहा कि गड़बड़ी की बात कहते हुए प्रदर्शन करने वालों ने जो सीडी उपलब्ध करायी थी, वह ब्लैंक पायी गयी। शिकायतकर्ताओं द्वारा जो आरोप लगाये गये थे, उसे शपथ पत्र के जरिये देने के लिए कहा गया, लेकिन नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि शिकायत में जो आरोप लगाये गये थे, उनकी जांच में यह पाया गया कि जिस शीट का जिक्र किया गया है, वह अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हुआ। प्रश्न पत्र वायरल होने के जो पत्र उपलब्ध कराये गये, वह शाम के पांच बजे के बाद की ली गयी तस्वीर है। किसी भी परीक्षा का परिणाम सामान्य पाया गया है। हर परीक्षा केंद्र से अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

### रिजल्ट व मेरिट लिस्ट बाद में प्रकाशित होगी

सुधीर गुप्ता ने कहा कि कुछ अफवाह और भ्रम भी फैलाया जा रहा है। दो दिनों में परीक्षा हुई। दूसरे दिन के ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुए। उन्हें पता होना चाहिए कि दूसरे दिन सिर्फ स्थानीय भाषा की परीक्षा ली गयी थी। पहले दिन हिंदी भाषा में परीक्षा ली गयी थी। दूसरे दिन जनजातीय और स्थानीय भाषाओं में परीक्षा ली गयी थी। गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों की जो सूची प्रकाशित की गयी है, वह ना तो रिजल्ट है और ना ही मेरिट लिस्ट। अभी सिर्फ वेरिफिकेशन के लिए है। रिजल्ट और मेरिट लिस्ट बाद में प्रकाशित की जायेगी।

## जेएसएससी कार्यालय के सामने होगा प्रदर्शन, प्रशासन निपटने को तैयार



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य में आयोजित जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों के खिलाफ अभ्यर्थियों का आंदोलन जारी है। अभ्यर्थी रिजल्ट रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में रविवार 15 दिसंबर को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी जेएसएससी कार्यालय नामकुम के बाहर धरना प्रदर्शन करने वाले हैं। इस संबंध में स्पेशल ब्रांच ने अलर्ट जारी किया है। इसके बाद पुलिस-प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी की है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात कहने का अधिकार है। यदि अभ्यर्थी उग्र प्रदर्शन करते हैं, तो इसके बाद पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

**जेएलकेएम, भाजपा और आजसू का भी समर्थन:** स्पेशल ब्रांच के अलर्ट में कहा गया है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का रिजल्ट रद्द करने की मांग को लेकर रविवार को नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय के समक्ष चार-पांच हजार की संख्या में अभ्यर्थी प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन को जेएलकेएम, मुख्य विपक्षी दल भाजपा और आजसू का भी समर्थन प्राप्त है। हालांकि इस बारे में पार्टियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है।

### अन्य जिलों से रांची पहुंचने लगे अभ्यर्थी

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी रेल और सड़क मार्ग से शनिवार शाम से ही रांची पहुंचने लगे हैं। वे यहां आकर विभिन्न होटलों, लॉज, धर्मशाला आदि में रात्रि विश्राम करेंगे। 15 दिसंबर को सुबह से ही उनका जेएसएससी कार्यालय के समक्ष जमावड़ा शुरू हो जायेगा। प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता सह जेएलकेएम के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, छात्र नेता मनोज यादव, कोचिंग संचालक कुणाल प्रताप सिंह, प्रकाश कुमार, विनय सिंह, स्मृति सिंह, आदर्श कुमार, रोहित कुमार, मस्ताना सर, छात्र नेता प्रकाश कुमार आदि कर रहे हैं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# अपनी दमदार उपस्थिति से सबका ध्यान खींचा सन्नी टोप्पो ने

## चुनाव भले हार गये, लेकिन बता डाला चुनाव लड़ते कैसे हैं

## भाजपा की ओर से आदिवासी सीट पर चंपाई के बाद सबसे अधिक वोट लाने में कामयाब रहे सन्नी टोप्पो

## भाजपा के लिए युवा नेता सन्नी टोप्पो किसी केस स्टडी से कम नहीं

**झारखंड के विधानसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार भाजपा की हार ने कई राजनीतिक और सामाजिक समीकरण बनाये-बिगाड़े हैं। भाजपा को झारखंड में आदिवासियों के लिए सुरक्षित 28 सीटों में से 27 पर हार का सामना करना पड़ा, जिसका स्पष्ट संदेश यही निकाला जा रहा है कि झारखंड के आदिवासी भाजपा से छिटक गये हैं। भाजपा को अब जमीनी स्तर पर आदिवासियों के साथ ओर उनके लिए काम करना होगा। मंथन करना होगा कि कहां कमी रह जा रही है। लेकिन एक सीट ऐसा भी है, जिसने भाजपा के दिग्गजों का भी ध्यान खिंचा है। वह सीट है मांडर। मांडर में भाजपा प्रत्याशी सनी टोप्पो का परफॉरमेंस कोई केस स्टडी से कम नहीं है। आज तक भाजपा प्रत्याशी कि तरफ से एक लाख का आंकड़ा किसी ने पार नहीं किया था। वहीं 2022 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर को 71 हजार 545 वोट मिले थे। यह भाजपा का मांडर विधानसभा सीट पर अब तक का सबसे ज्यादा वोट रहा था। 2019 में भाजपा प्रत्याशी देव कुमार धान को 69 हजार 364 वोट हासिल हुए थे। वह दूसरे स्थान पर रहे। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में सनी टोप्पो भाजपा के सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए 1 लाख 13 हजार 133 वोट प्राप्त किये। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाली पांच सीटों में से एक है। इस बार इन सभी सीटों पर भाजपा-आजसू की हार हुई। लेकिन पूरे झारखंड में यदि आदिवासी सीटों की बात की जाये, तो भाजपा को सरायकेला के बाद मांडर में ही सबसे अधिक वोट मिले और इसका एकमात्र कारण सन्नी टोप्पो थे। सन्नी टोप्पो ने मांडर में जिस तरह भाजपा का जनाधार बढ़ाया है, उसने पार्टी नेतृत्व को आश्चर्य में डाल दिया है। मांडर इलाके के सबसे मजबूत राजनीतिक हस्ती बंधु तिर्की और उनकी बेटी से सीधा मुकाबला करनेवाले सन्नी टोप्पो की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मांडर के लोग अब सन्नी टोप्पो को झारखंड भाजपा का बड़ा आदिवासी चेहरा मानने लगे हैं। सन्नी टोप्पो के चुनाव लड़ने के तरीके और चुनाव प्रबंधन से पार्टी नेतृत्व भी बेहद प्रभावित है। क्या है सन्नी टोप्पो की कार्यप्रणाली और क्या है उनकी लोकप्रियता का कारण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह



झारखंड विधानसभा के लिए पिछले महीने संपन्न हुए चुनाव में भाजपा लगातार दूसरी बार पराजित हुई। राज्य में आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 सीटों में से भाजपा केवल एक सीट जीत सकी और वह सीट है सरायकेला, जहां से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन जीते हैं। बाकी 27 सीटों पर भाजपा हार गयी। हालांकि 2019 में भी भाजपा को इन 28 में से केवल दो सीटें ही मिली थीं, लेकिन इस बार वे दोनों सीटें भी हाथ से निकल गयीं।

झारखंड में भाजपा की हार, खास कर आदिवासी सीटों पर उसकी पराजय ने भाजपा के भीतर खलबली मचा दी है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि भाजपा ने आदिवासियों को वापस अपनी ओर आकर्षित करने के लिए कई प्रयास किये थे। बाबूलाल मरांडी सरीखे नेता उसके पास थे। सीता सोरेन और गीता कोड़ा उसके पास थीं। फिर चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम उसके खेमे में आये। समीर उरांव और सुदर्शन भगत जैसे आदिवासी नेता उसके पास पहले से ही थे। लेकिन ये सभी नेता इस विधानसभा चुनाव में बुरी तरह फेल कर गये। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की तारीफ की जानी चाहिए कि उन्होंने सन्नी टोप्पो की प्रतिभा को पहचाना और उन पर विश्वास कर इस बार मांडर से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा। सन्नी टोप्पो भी इस विश्वास पर खरा उतरे और उन्होंने दमदार उपस्थिति दर्ज करायी।

भाजपा भले ही झारखंड विधानसभा का चुनाव नहीं जीत सकी, लेकिन उसे इस हार ने एक दमदार चेहरा जरूर दे दिया है। वह चेहरा है सन्नी टोप्पो। सन्नी टोप्पो मांडर विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे और उनका मुकाबला पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की बेटी सह सीटिंग विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के साथ था। इस सीधे मुकाबले में सन्नी टोप्पो 22 हजार 803 वोटों के अंतर से हार गये। कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की को कुल एक लाख 35 हजार 936 वोट मिले, जबकि सन्नी टोप्पो को एक लाख 13 हजारी 133 वोट मिले।

### इसलिए खास है मांडर का परिणाम

मांडर विधानसभा सीट का परिणाम बेहद खास है। ऐसा इसलिए, क्योंकि झारखंड विधानसभा में आदिवासियों के लिए सुरक्षित 28 सीटों में से केवल इसी सीट पर भाजपा को इतने अधिक (1.13 लाख से अधिक) वोट मिले। इलाके के लोग कहते हैं कि यदि सन्नी टोप्पो यहां से भाजपा के उम्मीदवार नहीं होते, तो शायद भाजपा को इतने वोट नहीं मिलते। यदि झारखंड की सभी आदिवासी सीटों के चुनाव परिणाम पर नजर डालें, तो केवल सरायकेला में ही भाजपा को मांडर से अधिक वोट मिले थे। वहां भाजपा को एक लाख 19 हजार 379 वोट मिले थे। इसके अलावा भाजपा को बोरियो में 78 हजार 44, बरहेट में 55 हजार 821, लिट्टीपाड़ा में 61 हजार 720, महेशपुर में 53 हजार 749, शिकारीपाड़ा में 61 हजार 25, दुमका में 81 हजार 97, जामा में 70 हजार 686, घाटशिला में 75 हजार 910, पोटका में 92 हजार 420, सरायकेला 1 लाख 19 हजार 379, चाइबासा में 42 हजार 532, मझगांव में 34 हजार 560, जगन्नाथपुर में 49 हजार 682, मनोहरपुर में 41 हजार 78, चक्रधरपुर में 49 हजार 329, खिजरी में 94 हजार 984, खरसावां में 53 हजार 157, तोरपा में 40 हजार 240, खूंटी में 49 हजार 668, सिसई में 67 हजार 69, गुमला में 58 हजार 673, बिशुनपुर में 67 हजार 580, सिमडेगा में 66 हजार 164, कोलेबिरा में 38 हजार 345, मनिका में 58 हजार 92, लोहरदगा में आजसू को 78 हजार 837,तमाड़ में जदयू को 41 हजार 409 वोट मिले। भाजपा को मिले वोटों की दृष्टि से मांडर ही सरायकेला के बाद आदिवासी सीटों में सबसे आगे रहा और इसका कारण कहीं न कहीं सन्नी टोप्पो रहे।

### क्या है मांडर का चुनावी इतिहास

मांडर विधानसभा सीट की गिनती हॉट सीट में होती है। इस सीट पर हमेशा से रोमांचक मुकाबला होता आया है और इस बार भी मामला बेहद नजदीकी ही रहा। मांडर विधानसभा क्षेत्र में 2019 के विधानसभा चुनाव में झाविमो के बंधु तिर्की ने भाजपा के देव कुमार धान को 22 हजार 857 वोटों से हराया था। उस चुनाव में सन्नी टोप्पो कांग्रेस के प्रत्याशी थे। उनको महज आठ हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे और वह पांचवें नंबर पर रहे थे। बंधु तिर्की को कुल 92 हजार 491 और देव कुमार धान को 69 हजार 634 वोट मिले थे। 2022 में अदालत द्वारा सजा सुनाये जाने के कारण बंधु तिर्की की विधायकी रद्द हो गयी, तो कांग्रेस ने उनकी बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को मांडर से मैदान में उतारा। उनके मुकाबले भाजपा ने गंगोत्री कुजूर को उतारा, जो 2014 में यहां की विधायक रह चुकी थीं। उस चुनाव में देव कुमार धान ने भाजपा से बगावत कर एआइएमआइएम के टिकट पर मैदान में आकर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश की। जब परिणाम घोषित हुआ, तो कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की को 95 हजार 62 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी गंगोत्री कुजूर को 71 हजार 585 वोट मिले थे। वहीं देवकुमार धान ने 22 हजार 395 मत प्राप्त किया था। इसके बाद 2024 में लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट से कांग्रेस की जीत हुई। मांडर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 1.31 लाख से अधिक, जबकि भाजपा को 82 हजार 466 वोट मिले थे। यह आंकड़ा बताता है कि मांडर में भाजपा का जनाधार बहुत तेजी से बढ़ा और 2019 और 2022 के मुकाबले उसके वोट में बढ़ोत्तरी हुई।

### मांडर विधानसभा क्षेत्र में मुद्दा नहीं, नेता महत्वपूर्ण

मांडर विधानसभा क्षेत्र का पिछले 20 वर्षों का चुनावी इतिहास इस ओर इशारा करता है कि यहां के मतदाता किसी दल विशेष या बड़े दल की जगह नेता के व्यक्तिगत बात-व्यवहार और काम से जुड़ाव रखते हैं। यही वजह है कि झारखंड बनने के बाद मांडर विधानसभा के लिए जितने भी चुनाव हुए, सभी के केंद्र में बंधु तिर्की और देव कुमार धान रहे। झारखंड बनने के बाद से अब तक के चुनावी नतीजे यह बताते हैं कि यहां पर मुख्य रूप से व्यक्ति आधारित राजनीति हावी रही है, लेकिन इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने वोट बैंक बढ़ाया है और 2014 के विधानसभा चुनाव में जीत भी हासिल की है।

### सन्नी टोप्पो ने बढ़ाया भाजपा का जनाधार

मांडर में भाजपा का जनाधार बढ़ने का कारण सन्नी टोप्पो ही हैं। 2023 के जनवरी महीने में भाजपा में शामिल हुए सन्नी टोप्पो की पहचान एक जुझारू और जमीन से जुड़े नेता के रूप में है। बीते लोकसभा चुनाव में उन्होंने पार्टी के लिए जो काम किया, उससे प्रदेश नेतृत्व ही नहीं, आलाकमान भी बेहद प्रभावित है। सन्नी टोप्पो का प्रभाव हर जाति और वर्ग में समान रूप से है। इलाके में वह पार्टी का प्रमुख आदिवासी चेहरा भी हैं। सन्नी टोप्पो जमीन से जुड़े हैं और उनके काम करने का तरीका भी औरों से अलग है। वह मुद्दों की पहचान रखते हैं और लोगों से हमेशा संपर्क बनाये रखते हैं। कहते हैं कि सन्नी टोप्पो के दरवाजे पर आकर धर्म, जाति और संप्रदाय का भेद पूरी तरह खत्म हो जाता है। इसलिए उन्हें समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिलता है। इसके अलावा सन्नी टोप्पो की कार्यशैली और चुनाव प्रबंधन बेहद प्रभावशाली है। उनके इस अंदाज से पार्टी नेतृत्व बेहद प्रभावित है।

---

# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था की मौजूदा स्थिति किसी त्रासदी से कम नहीं है।

मरांडी ने कहा कि पाकुड़ में 506 छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी एकमात्र शिक्षक के भरोसे है। यह हकीकत शिक्षा को प्राथमिकता देने का दावा करने वाली हेमंत सरकार की खोखली घोषणाओं की भी पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षकों की बहाली रोक कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारों बच्चों के सपनों का गला घोट रहे हैं। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना उनका संवैधानिक हक और सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। राज्य सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षक बहाली की पारदर्शी प्रक्रिया जल्दी शुरू करे।



# राज्य की 20 लड़कियों को किया गया रेस्क्यू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड की 20 लड़कियों को तमिलनाडु से रेस्क्यू किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम की 11 युवतियां तमिलनाडु के त्रिपुर जिले की कीवी कॉटपिन मिल (पी) एलटीडी में कार्यरत थीं। डीसीपीओ और श्रम अधीक्षक के आवेदन पर कंट्रोल रूम की त्वरित कार्रवाई से 11 युवतियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गयी। कंपनी ने 1,04,900 रुपये मेहनताना और ट्रेन टिकट की व्यवस्था की। वहीं माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर तिरुपुर टीम के संयुक्त प्रयास से, तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित आदि शंकरा स्पिनिंग मिल्स प्राइवेट लिमिटेड से 9 लड़कियों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। टीम ने सभी 9 लड़कियों को परामर्श प्रदान कर उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की।

# जमीन दलाल कमलेश की जमानत पर हाइकोर्ट ने इडी से मांगा जवाब

## सुनवाई 10 जनवरी को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांके जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी जमीन दलाल कमलेश कुमार की जमानत पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट की एकल पीठ ने इडी के 3 सप्ताह के समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए जवाब (प्रति शपथ पत्र) दाखिल करने के लिए समय दिया। अगली सुनवाई 10 जनवरी 2025 को होगी। पूर्व में पीएमएलए कोर्ट ने कमलेश कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी। इसके बाद उनकी ओर से जमानत का आग्रह हाइकोर्ट में किया गया है।

बता दें कि इडी की टीम ने कमलेश सहित 6 आरोपियों के खिलाफ 24 सितंबर को आरोप पत्र दायर किया था। जिसमें उसके खिलाफ सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा का आरोप लगा है। 26 जुलाई को इडी की टीम ने पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया था। दरअसल,



जमीन कारोबारी कमलेश सिंह पर 300 एकड़ जमीन पर कब्जा करने का आरोप है। 21 जून को कमलेश के ठिकाने पर इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी में उसके आवास से 1 करोड़ रुपये कैश के साथ 100 कारतूस बरामद किया गया था। कांके थाने में दर्ज दो केस और गोंदा थाना में दर्ज दो केस यानी कुल 4 केस को टेकओवर कर इडी ने कमलेश कुमार, अमरेंद्र कुमार पांडे और नूरुल अंसारी के खिलाफ इसीआइआर केस दर्ज की है।

# सरायकेला में पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष की गोली मार कर हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र में पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सोनू सरदार (40) की शुक्रवार रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। घटना बडडीह गांव के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति सोनू सरदार शादी समारोह से लौट रहे थे। रात के करीब 11:30 बजे बडडीह गांव के पास पहले से घात लगाये अपराधियों ने उन पर 7 गोलियां चला दीं। सोनू की मौके पर ही मौत हो गयी और अपराधी वहां से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और शिक्षक समुदाय में गहरा आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अपराधियों की तलाश जारी है।

# क्रशर मालिक से रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को एटीएस ने दबोचा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने क्रशर मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों को एटीएस ने रांची पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार, बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया था कि वे विगत एक साल से टाटीसिलवे में क्रशर संचालन का व्यवसाय कर रहे हैं। उनके फोन पर देवा गिरोह का सदस्य अविनाश तिवारी ने कॉल कर धमकी दी। धमकी देने वाले ने कहा कि तुम्हारा बच्चा संत थॉमस स्कूल धुर्वा में पढ़ता है और तुम अंजली अपार्टमेंट में घर लिये हो। उसने आगे कहा कि एक सप्ताह के अंदर 20 लाख रुपये का इंतजाम करके रखो, वरना जान से मरवा दूंगा। जिसके संबंध में उन्होंने सिकिदरी थाना में सनहा दर्ज कराया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.21 बजे |



# हिंदपीढ़ी के फिरोज अली ने की थी कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी

## ■ सूचना देने वाले को मिलेगा 10 हजार इनाम

## ■ सीएम हेमंत सोरेन ने एक्शन लेने का दिया निर्देश





आरोपी फिरोज अली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के अपर बाजार स्थित कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में रांची पुलिस एक्टिव हो गयी है। छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले वाले व्यक्ति की पुलिस ने पहचान कर ली है। जिसका नाम फिरोज अली है, वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस को फिरोज अली के बारे में जो सूचना देगा, उसे दस हजार रुपये इनाम दिया जायेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

**सीएम ने लिया है संज्ञान :** छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया है। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के अधिकारी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे। गौरतलब है कि बीते दिनों से रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर मनचले बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे हैं। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते हैं। इस डर से बच्चियों ने स्कूल आना बंद कर दिया है। इस मामले को लेकर स्कूल के शिक्षक थाना भी गये थे। पर कोई कारवाई नहीं की गयी। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बदमाश लड़कियों के साथ कैसे बदसलूकी कर रहा है। मनचलों ने छात्राओं को कहा है कि हम रोज आयेंगे। जिससे लड़कियां स्कूल आने से डर रही हैं।

### आरोपी की जल्द होगी गिरफ्तारी : आइजी



रांची (आजाद सिपाही)। कोतवाली थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं से छेड़खानी मामले में आइजी अखिलेश झा, डीआइजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। इस दौरान आइजी अखिलेश झा ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी जल्द की जायेगी। पुलिस के अधिकारी ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल से बात की और सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया। स्कूटी सवार युवक के विरुद्ध कोतवाली थाना में एफआइआर दर्ज करायी गयी है।

## बेटियों की सुरक्षा के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं: संजय सेठ



रांची (आजाद सिपाही)। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को रांची राजधानी के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि मनचलों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। साथ ही सवाल किया कि प्रशासन कब जागेगा? सेठ ने कहा कि राजधानी के लिए इससे शर्मनाक और घृणित कुछ और नहीं हो सकता। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं। आज इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों में गश्त और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। गश्ती पुलिस सिर्फ चौक-चौराहा पर खड़ा होकर अपनी ड्यूटी पूरी न करे। प्रशासन सिर्फ बैठकर खानापूर्ति करने में लगा है और बेटियां राह चलते शर्मसार होती हैं। कहां है शक्ति कमांडो, सब हवा-हवाई अधिकारियों के निर्देश का भी पालन नहीं हो पा रहा है। यह कैसी व्यवस्था। सेठ ने कहा कि राजधानी में ऐसी हरकत करने वाले की 24 घंटे में गिरफ्तारी के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। झारखंड पुलिस ऐसे सभी क्षेत्रों को चिह्नित कर बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।

## छेड़खानी में संलिप्त अपराधियों को प्रशासन करे शीघ्र गिरफ्तार: विहिप

रांची (आजाद सिपाही)। अपर बाजार के गांधी चौक के समीप स्थित कन्या पाठशाला के छात्राओं के साथ हुई छेड़खानी की घटना रांची वासियों के लिए अत्यंत ही शर्मनाक घटना है। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड-बिहार के सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज इस बात को साबित करता है कि रांची में किस प्रकार से अपराधियों को खुली छूट मिली हुई है। अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहें हैं। कोतवाली थाना के साथ-साथ महिला थाना से मात्र कुछ ही मीटर की दूरी पर इस तरह की घटना हो रही है, जो प्रशासन की कार्य प्रणाली को चुनौती दे रहा है। डॉ साहू ने कहा इस विद्यालय में ज्यादातर हिंदू बालिकाएं ही पढ़ती हैं, ऐसे में यह हिंदू समाज के लिए भी चुनौती का विषय है। घटना में संलिप्त अपराधियों को प्रशासन शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दे। साथ ही साथ शहर के सभी महिला महाविद्यालयों एवं बालिका विद्यालयों के पास पुलिस गश्ती एवं पुलिस चौकी स्थापित करने का कार्य करे।

# धनवार में चिकित्सकों की कमी, 2 स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर नहीं : बाबूलाल

### मरांडी ने मंत्री इरफान से कहा-जल्दी करें समाधान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सकों की कमी हो गयी है। क्षेत्र के 2 स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं, जहां एक भी डॉक्टर नहीं है। साथ ही कई केंद्रों में चिकित्सकों की कमी है। कहीं चिकित्सक हैं भी तो तय संख्या के मुताबिक नहीं हैं। इस बाबत मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को पत्र लिखा है और समस्या के समाधान के लिए कहा है। मरांडी ने कहा है कि धनवार अंतर्गत 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों के पदस्थापन की जरूरत है। उन्होंने इरफान को बधाई देते हुए कहा है, मेरे विधानसभा क्षेत्र धनवार में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा एवं तिसरी में, रेफरल अस्पताल धनवार में तथा 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माल्डा, पिहरा, घंघरीकुरा एवं बलहारा में अवस्थित हैं। यहां कुल 32 डॉक्टरों का स्वीकृत पद है। लेकिन 32 डॉक्टरों के विरुद्ध मात्र 9 डॉक्टर ही पदस्थापित हैं। इनमें से भी एक-दो डॉक्टर दूसरे जगह प्रतिनियुक्त हैं। दो स्वास्थ्य केंद्र माल्डा एवं बलहारा में एक भी डॉक्टर पदस्थापित नहीं हैं। जिसके कारण आस-पास के गांवों के मरीजों को ईलाज हेतु दूसरे स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है, जो काफी दूरी पर है। आपको यह भी बताना चाहता हूं कि स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त डॉक्टरों के नहीं रहने के कारण सैकड़ों मरीज को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। यहां तक कि मरीजों को गिरिडीह जिला अस्पताल तक जाना पड़ता है, जो करीब 90-95 किमी दूरी पर है। गरीब परिवार से आने वाले मरीजों को गिरिडीह जाने में कठिनाई होती है और समय पर इलाज भी शुरू नहीं हो पाता है।



सरकार का दायित्व भी है कि लोगों को समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए विभाग को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों का पदस्थापन स्वीकृत पद के अनुरूप होनी चाहिए। लेकिन इस बीते 5 साल में इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी। अब नयी सरकार में आपसे अपेक्षा करता हूं कि इस विषय को आप गंभीरता से लेंगे। मरांडी ने पत्र के साथ एक सूची भी जारी की है। इसमें कहा है कि समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गांवा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, माल्डा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पिहरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तिसरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, घंघरीकुरा, रेफरल अस्पताल, धनवार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बलहारा में खास तौर पर चिकित्सकों की कमी है।

# डॉ इरफान अंसारी आज करेंगे धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ

### धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल और बोनस 100 रुपये प्रति क्विंटल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 के अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा 15 दिसंबर को जामताड़ा में किया जायेगा। इस योजना के तहत सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल और बोनस 100 रुपये प्रति क्विंटल, यानी कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय की है। यह सुनिश्चित करेगा कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिले और उनकी आय में वृद्धि हो। मंत्री ने इस योजना के लाभ का जिक्र करते कहा कि किसानों को सरकार द्वारा संचालित लैंपस के माध्यम से उनके धान का बेहतर मूल्य मिलेगा। बिचौलियों और खुले बाजार में कम मूल्य पर धान बेचने की मजबूरी खत्म होगी। बोनस और समर्थन मूल्य से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मंत्री ने किसानों से अनुरोध किया है कि सभी किसान भाई अपने धान की बिक्री केवल सरकार द्वारा संचालित लैंपस केंद्रों के माध्यम से करें और योजनाओं का पूरा लाभ उठायें। झारखंड सरकार किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। इरफान अंसारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम में शामिल हों और किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ योजना को सफल बनाने में सहयोग करें।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। |
| वृष | परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण। |
| मिथुन | रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। |
| कर्क | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा,परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| सिंह | कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी। |
| कन्या | नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। |
| तुला | परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान। |
| वृश्चिक | स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है,राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी। |
| धनु | आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| मकर | आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति। |
| कुंभ | लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा। |
| मीन | चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |

# काम नहीं करने वाले अफसर सुधर जायें, नहीं तो नपेंगे : संजय यादव

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि हम झारखंड को एक नंबर का राज्य बनायें

### 20 दिसंबर को उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक, औद्योगिक विकास का ब्लूप्रिंट तैयार किया जायेगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** सूबे के उद्योग, श्रम नियोजन और कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि एक माह के भीतर हेमंत सोरेन सरकार का काम धरातल पर दिखायी देना शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि शपथ लेने के बाद विभाग का कार्यभार संभाल लिया है और 24 घंटे के भीतर पूरे राज्य के श्रम, उद्योग विभाग के पदाधिकारी, सचिव और निदेशक के साथ बैठक किये हैं। इसमें कई मुद्दे पर चर्चा हुई है। मंत्री संजय प्रसाद यादव शनिवार शाम को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो अफसर सुस्त पड़े हैं और काम नहीं कर रहे हैं। साथ ही फिल्ड में नहीं जा रहे हैं, ऐसे सभी बिंदुओं की बैठक में समीक्षा की गयी है। अधिकारियों से साफ तौर पर कहा गया है कि जो अफसर काम नहीं करेंगे, वे नपेंगे। मुख्यमंत्री की सोच है कि हम झारखंड को एक नंबर का राज्य बनायें। इस सोच को पूरा करने के लिए हमलोग अपनी पूरी ताकत लगा देंगे, ताकि यहां के गरीब, मजदूरों का पलायन नहीं हो। काम दिलाने का लालच देकर हमारे मजदूर भाइयों को दूर देश ले जाकर वहां बंधक बना लिया जाता है। उनसे पैसों की वसूली की जाती है। देश के अलावा विदेशों में भी झारखंड के मजदूरों को ऐसी त्रासदी झेलनी पड़ी है। लेकिन अब ऐसे मानव तस्कर दलाल-बिचौलिए पर सरकार की सीधी नजर रहेगी और इनसे सख्ती तक निपटेंगे। मंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग को कैसे बढ़ावा मिले, इसके लिए भी काम करेंगे। 20 दिसंबर को उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक रखी गयी है, जिसमें सूबे के औद्योगिक विकास का ब्लूप्रिंट तैयार किया जायेगा। राज्य के राजस्व को कैसे दुगुना किया जाये, इस पर हमलोग काम करेंगे। राज्य के मजदूरों का पलायन रोकने के लिए बेहतर कार्य योजना बनेगी। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने इस बार भारी बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनायी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जिस तरह काम हुआ है, चाहे वह मंईयां सम्मान योजना हो या बिजली बिल माफी योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री, किसानों की ऋण माफी समेत गरीबों के हित के लिए चलायी गयी कई योजनाओं के कारण प्रचंड बहुमत मिला। इसे हमलोगों ने स्वीकार किया और चुनाव के समय जो वादा किये थे, चुनावी मेनिफेस्टो में जिसका जिक्र है, उसपर हमलोग खरा उतरेंगे। प्रेसवार्ता में देवघर विधायक सुरेश पासवान, राजद के जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद यादव, स्थानीय नेता कृष्णा सिंह यादव, राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष नित्यानंद केसरी मौजूद थे।

**BABU DINESH SINGH UNIVERSITY**
Garhwa- 822114, Jharkhand
(Established Under Govt. of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi
( Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust )
Website: www. bdsu.ac.in , Email Id: registrar@bdsu.ac.in / registrar.bdsu@gmail.com

**VACANCIES**
For Department of Law

BDSU invites applications from accomplished academic & administrative Professional for the post of **Principal, Professor, Associate Professor and Assistant Professor.**
The following programmes run under Department of Law (Faculty of Law).
- 3 Year LLB
- 5 Years Integrated BA LLB (Honours)
- 5 Years Integrated BBA LLB (Honours)
- 5 Years Integrated B.Com. LLB (Honours)

Interested Candidates may send their resume & attested education qualificationat given link/ Email Id

https://forms.gle/TFcdXAycGFFP87C89
OR
registrar.bdsu@gmail.com / registrar@bdsu.ac.in
On or before 15th January, 2025

Shortlisted experienced candidates will be called for Interview. Salary will be paid as per BCI/UGC/BDSU norms
Eligibility: As per UGC/BCI norms
Contact No.: +91- 9241998498 (R)

Ref. No.: BDSU/R/241/24, dated:-13.12.24
Sd/-
Registrar

## मंत्रियों ने की आप्त सचिवों के नाम की अनुशंसा, सरकार पुलिस वेरिफिकेशन करायेगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के मंत्रियों ने कार्यभार संभाल लिया है। अपनी प्राथमिकता को लेकर रोज उनके बयान सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही मंत्रियों ने अपने सहयोग के लिए आप्त सचिवों के नामों की अनुशंसा भी कर दी है। इस बीच सरकार ने फैसला लिया है कि किसी अधिकारी को मंत्री का आप्त सचिव बनाने से पहले उनका पुलिस वेरिफिकेशन होगा। मंत्रियों ने जिनके नाम की अनुशंसा अपने आप्त सचिव के लिए किया है, उनमें उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने राजमहल के एसडीओ कपिल कुमार, परिवहन एवं राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने रवि कुमार, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने विनय प्रकाश तिग्गा, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर के बीडीओ मनोरंजन कुमार, आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिमडेगा के एसडीओ अनुराग लकड़ा की, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संदीप पांडेय के नाम की अनुशंसा की है। उल्लेखनीय है कि पिछली सरकार ने कुछ आप्त सचिवों के कारण सरकार की किरकरी हुई थी। खास करके पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल के मामले में। इस मामले में आलमगीर आलम अभी भी जेल में है। यही कारण है कि सरकार ने संबंधित अधिकारी के बारे में जांच परख करने के बाद ही आप्त सचिव बनाने का फैसला लिया है।

**SHARDA GLOBAL SCHOOL**
Affiliated to C.B.S.E (10+2), New Delhi
Bukru, Kanke, Ranchi-06

**VACANCIES**
- PGT - Language: - English, Hindi & Sanskrit
- PGT - Humanities: - History, Sociology, Political Science
- PGT - Science: - Physics, Chemistry, Mathematics, Biology
- PGT - Commerce:- Accountancy, Economics
- PGT - Other Subjects:- Computer Sci, Physical Education, Painting
- Post Graduate with B.Ed and minimum experience of 4 years in a CBSE school. Excellent communication skill is a must.
- TGT & PRT (All Subjects) : Post Graduate/Graduate with B.Ed and minimum experience of 3 years in a CBSE school. Excellent communication skills in English is a must.
- Other Teachers: Computer Science.

Salary will not be a constraint for the deserving candidates.

You may send your resume /CV by 25 December 2024 on the below Email Id and WhatsApp number. Mail Id: shardaglobalschool@gmail.com officeshardaglobalschool@gmail.com Mobile No. - 7542983222

Admissions are in Progress 2025-26 for Classes Pre- Nursery to Std IX

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
04

## चलकुशा में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात



चलकुशा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुदन में बीती शुक्रवार रात्रि को 25 हाथियों के झूंडों ने नीलकंठ महतो स्व मुरत महतो के खलिहान में लगभग 35 क्विंटल धान और घर में रखे खाद्य सामग्री को खिड़की तोड़कर 2 क्विंटल चावल डेढ़ क्विंटल लाहार मूंग उरद खेत में लगा आलू खा गये। आदर्श यादव का खलिहान में लगभग 5 क्विंटल धान, छत्रु महतो, मुन्ना महतो, शिव महतो, विकास यादव तीनों का लगभग 60 डिसमिल खेत में लगे आलू की फसल को हाथियों की झुंडों पैरों तले रौंद डाला और चार दिवारी तोड़कर और मकान को ध्वस्त करते हुए। लगभग 10 क्विंटल रखा धान को हाथियों के झुंडों ने चट कर गये। जिसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया। जिसके बाद वन विभाग कि टीम और बीडीओ अमृता सिंह स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। वहीं पीड़ित परिवारों को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कही की सभी गरीब किसान है। इन लोगों का बहुत नुकसान हुआ है। हम प्रयास करेंगे की लोगों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। चलकुशा अंचलाधिकारी और पश्चिमी वन प्रमंडल को लिखित आवेदन दें। जिससे आप लोगों को उचित मुआवजा मिल सके, और स्थल पर मौजूद मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव यादव, रामू पंडित, महेश पासवान, महादेव यादव, संजय पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## खतियानी परिवार की हुई बैठक



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग में शनिवार को खतियानी परिवार की बैठक अशोक राम की अध्यक्षता में हुई जिसमें सवार समिति से यह निर्णय लिया गया कि झारखंडी कौन, जिसके पास हो खतियान, का परिभाषित राज्य सरकार नहीं करती है, तब तक कोई नयी नौकरी की, बहाली ना की जाये, पहले स्थानीयता की परिभाषित हो तब कोई नियुक्ति, क्योंकि भारत देश की आजादी के बाद से हम झारखंडी बिहार में थे तब से आज तक हम लोगों के साथ घोर अनदेखी की जा रही है जो सहन से बाहर है हमारी नौकरी रोजी-रोटी छीनकर बाहर के लोग ले जा रहे हैं और हमारे शीर्ष नेता लोग देख करके भी चुप रहते हैं, हमारे बेटा बेटियां पढ़ लिख कर बेकार बने बैठे हैं, अगर कोई गैर कानूनी काम करते हैं तो उसे अपराध के श्रेणी में दर्ज कर सलाखों में डाल देते हैं जिससे हम झारखंडियों का जिंदगी नरक जैसी हो गयी है। अगर कोई राजनेता सत्ता पक्ष के हो या विपक्ष, समाजसेवी हो या आम जनता अगर खतियान का विरोध करें तो खतियानी परिवार उसे चेतावनी देता है की उसे खैर नहीं होगा हमारा हक अधिकार कोई छीनने की कोशिश करें तो उसे मुंह तोड़ जवाब देने का काम करेंगे। झारखंड आंदोलनकारी को राज्य सरकार सम्मानित करें और उनके परिजनों को नौकरी दें और दस हजार पेंशन देने की घोषणा करें, बैठक में मोहम्मद हकीम, बोधी साव, मोहम्मद फखरुद्दीन, अमर कुमार, विजय मिश्रा, महेश विश्वकर्मा, शंभू ठाकुर, अनवर हुसैन, मोहम्मद नसरुद्दीन, सुरेश ठाकुर, प्रदीप कुमार मेहता, तनवीर अहमद, महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष रीता देवी, उपाध्यक्ष सुनीता कश्यप, सचिव मुन्नी देवी, कोषाध्यक्ष बिंदु देवी, सिलेस्टीना भेंगरा, सीता देवी, ऐनल हक, सुरेश महतो सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के बगरीडीह में शनिवार को एक अनियंत्रित पिकअप वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार पति-पत्नी घायल हो गये, जबकि पिकअप के ऊपर बैठा एक व्यक्ति भी गिरकर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में जयनगर निवासी शकील अंसारी (उम्र 25 वर्ष, पिता गुलाम रसूल) कपड़े लोड कर बगरीडीह की तरफ जा रहे थे। जबकि सामने से महेंद्र ठाकुर (उम्र 45 वर्ष) और बासमती देवी (उम्र 40 वर्ष, पति महेंद्र ठाकुर) एक साइकिल पर सवार होकर बाजार जा रहे थे। इस दौरान पिकअप वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार पति-पत्नी भी घायल हो गए और पिकअप के ऊपर बैठा शकील अंसारी भी गिरकर घायल हो गया। जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां फिलहाल डॉक्टर सुरेंद्र कुमार की देखरेख में घायलों का इलाज चल रहा है।

## डॉक्टर महेश कुशवाहा ने की निःशुल्क जांच



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में डॉक्टर दयानंद क्लिनिक शिव मंदिर रोड में पारस रांची से डॉक्टर महेश कुशवाहा हृदय रोग विशेषज्ञ ने कैंप लगाकर निःशुल्क जांच किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में हृदय रोग समस्या बढ़ रही है इसके लिए जागरूक होना जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्र में बीपी, शुगर, हृदय की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसके जवाबदेह खुद यहां के ग्रामीण है। हृदय रोग बढ़े नहीं इसके लिए सभी लोग जागरूक बनें। किसी को समस्या हो तो समय-समय पर जांच करना चाहिए। जैसे छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट होना, दिल की धड़कनें तेज होना, अधिक पसीना आना, तो तुरंत हृदय रोग डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। समय पर इलाज करने से बीमारी का खतरा और खर्च कम होता है एवं ठीक होने की संभावना ज्यादा होती है। उन्होंने कहा कि बीड़ी सिगरेट गुटका नशा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। हृदय रोग से बचाव के लिए प्रतिदिन योगासन करना, नशा से दूर रहना, फैट के चीज से दूर रहना, अच्छा नींद लेना, शुगर बीपी समय पर जांच करना। रिफाइंड तेल का यूज नहीं करना। फास्ट फूड का उपयोग नहीं करना, तला भुना समान का सेवन नहीं करना चाहिए। कम नमक का सेवन करना चाहिए। इससे हृदय रोग से बचा जा सकता है। मौके पर डॉ दयानंद क्लीनिक के संचालक मुकेश पांडेय ने बताया कि 100 मरीजों का जांच निःशुल्क किया गया। जिसमें बीपी, शुगर और 40 मरीज का इसीजी किया गया।

## फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री नवनिर्वाचित विधायकों को करेगा सम्मानित



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन में कल नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने वाले प्रतिनिधियों को उनकी समाजसेवा और जनहितकारी कार्यों के लिए सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह में सदर विधानसभा से प्रदीप प्रसाद, मांडू से तिवारी महतो, बड़कागांव से रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा से अमित यादव और बरही से मनोज कुमार यादव को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। संस्था के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की फेडरेशन हमेशा समाज के उत्थान और क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम व्यावसायिक समुदाय और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय स्थापित करना चाहते हैं ताकि हमारे क्षेत्र का हर वर्ग सशक्त हो सके।

### आजाद सिपाही में छपी खबर 'धरधरवा गांव के ग्रामीण आज भी पीते है चुआं का पानी' का असर

# धरधरवा पहुंचे अधिकारी समस्याओं से हुए रूबरू

**पानी की समस्या का समाधान करने की कही बात**

आजाद सिपाही संवाददाता





धरधरवा गांव के ग्रामीण आज भी पीते हैं चुआं का पानी

हजारीबाग। जिले के इचाक प्रखंड स्थित डाडीघाघर पंचायत का धरधरवा गांव जहां आज भी लोग चुवें का पानी से प्यास बुझाते है। इस गांव में 30 से ज्यादा घर और 100 से ज्यादा आबादी है। यहां की महिलाएं आज भी चुवें से पानी लाकर घर का काम करती है और पानी को पीने में इस्तेमाल करती है। आए दिन यहां के लोग और बच्चे बीमार भी पड़ते रहते है। आजाद सिपाही ने 10 दिसंबर के अंक में 'धरधरवा गांव के ग्रामीण आज भी पीते है चुवें का पानी' शीर्षक खबर छाप प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। खबर पर इचाक बीडीओ संतोष कुमार, मुखिया नंदकिशोर कुमार, पीएचडी जेई और ब्लॉक के कनीय अभियंता नवल किशोर संग शनिवार को धरधरवा गांव पहुंचे और ग्रामीणों से समस्याओं को जाना। साथ ही समाधान करने के लिए रोड मैप तैयार किया। बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि जानकारी मिलते ही गांव आकर यहां की समस्याओं को नजदीक से जाना। इस दौरान ग्रामीणों से बात भी की। गांव ऊंचाई पर होने के कारण वहां पानी का दिक्कत है। तीन बोरिंग पहले भी हुई है मगर पानी नहीं निकला। हमलोगों ने जहां से ग्रामीणों को पानी मिल सकता है उन जगहों को चिह्नित किया। निचले स्थान पर एक कुआं बनाने और पानी टंकी का काम जल्द करने का आदेश दिया हूं। साथ ही अन्य उपायों को भी हमलोगों ने गंभीरता से देखा है कि ग्रामीणों को कैसे पानी उपलब्ध हो सके। मुखिया नंदकिशोर कुमार ने बताया कि मै लगातार प्रयासरत हूं कि ग्रामीणों को जैसे पानी उपलब्ध हो। आज प्रखंड के पदाधिकारी गांव आकर समस्याओं को नजदीक से देखा है, जल्द समाधान होगा।

### विस्थापित प्रभावित कामगार संघर्ष समिति की बैठक

# मजदूरों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा: रोशनलाल चौधरी

**मजदूरों की मांगों पर कंपनी जल्द विचार नहीं करती है तो होगा आंदोलन: कामगार संघ**

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। प्रखंड के सोनबरसा गांव स्थित नर्सिरी बगीचा में विस्थापित प्रभावित कामगार संघर्ष समिति के तत्वाधान बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और संचालन स्थापित प्रभावित कामगार श्रमिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह ने किया। बैठक में सभी मजदूरों ने अपने हक और अधिकार की बात को लेकर बारी-बारी से अपनी बातों को रखा जिसमें प्रमुख मांग एनपीसीए के तहत सभी विस्थापित प्रभावित कामगार श्रमिकों को मासिक भुगतान किया जाये। सेवानिवृत्ति किये गये सभी मजदूरों के परिवार से एक व्यक्ति को रोजगार से पुनः जोड़ा जाये। सभी को सभी तरह का अवकाश दिया जाये। सभी को पे स्लीप उपलब्ध कराया जाये। सभी मजदूरों को आवागमन के लिए कार्य स्थल तक बस सुविधा उपलब्ध कराया जा चुकी विस्थापित होने के बाद आवागमन में काफी दिक्कत होती है। उक्त सभी मांगों को लिखित रूप से अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को देने का निर्णय लिया गया जिसकी सूचना उपयुक्त, श्रम आयुक्त, एसडीपीओ बड़कागांव, अंचलाधिकारी बड़कागांव सहित आने को लिखित रूप से दिया जायेगा। साथ ही निर्णय लिया गया की मांग पूरा नहीं हुआ तो 25 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा। उपरोक्त सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि मजदूरों का सभी मांग उचित है इस पर कंपनी को जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करना होगा। कोल कम्पनियों द्वारा मजदूरों पर शोषण बर्दास्त नही किया जायेगा। अंत में उन्होंने कंपनी मजदूरों के बात को नहीं मानेगा तो हम मजदूरों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में मुख्य रूप से जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार, सिकंदर महतो, कृष्णा देव ठाकुर, सिकंदर राणा, जाकिर अंसारी, अमित यादव, विनोद यादव, राजेश यादव, मोहम्मद इकरामुल, आदित्य यादव, शिवकुमार महतो, प्रमोद राम, कुलदीप महतो, सुनील कुमार रवि, अर्जुन साव, रामचंद्र साहू, सुरेंद्र साहू, विनोद महतो, नारायण महतो, धर्मनाथ राणा, प्रदीप यादव, बिगन यादव सहित लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 7196 वादों का निष्पादन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)। व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, और सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊंचा है। इसके लिए सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है। आज झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को कोडरमा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ और पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य स्टेक होल्डर ने यू ट्यूब के लिंक के माध्यम से जुड़कर ऑनलाइन अवलोकन किया। प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने सभी बेंचों का निरीक्षण किया एवं बेंच के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक मामलो के निष्पादन के लिए निर्देश दिए। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में 8 बेंचों का गठन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल आठ बेंचों के माध्यम से कुल 7196 वादों का निष्पादन किया गया जिसमे लंबित वादों की संख्या 1425 तथा प्री-लिटिगेशन के 5771 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल है।**

# आधार कार्ड को लेकर लोगों की लग रही है भीड़

**सुबह से ही लाइन में लग रहे है बच्चे से लेकर बूढ़े तक**

संजीव




कोडरमा (आजाद सिपाही)। राशन कार्ड में नाम को अपग्रेड करने और जोड़ने को लेकर आधार पंजीकरण कार्यालय में बच्चों से लेकर युवा पुरुष महिलाओं और बुजुर्गों की लाइन लग रही है। सदर प्रखंड स्थित आधार पंजीकरण में सुबह 7 बजे से ही आधार सुधार और अन्य कार्य के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। पंजीकरण को लेकर यहां के संचालक लोगों को अगले दो-तीन दिनों का नंबर दे रहे हैं। ताकि समय के अनुसार का पंजीकरण का कार्य हो सके और उन्हें लंबी कतार से छुटकारा मिल सके। आधार पंजीकरण के संचालक भागवत साव ने बताया कि राशन कार्ड में नाम जुड़वाने और केवाईसी के लिए, लोगों की कतार लग रही है। स्थिति यह है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अंचल कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवानों को लगाया गया हैताकि भीड़ पर नियंत्रण रखा जा सके। बताते चलें कि कई बैंकों में आधार पंजीकरण का कार्य बंद हो गया है। झुमरीतलैया शहर के यूनियन बैंक में केवल आधार का कार्य चल रहा है। विक्की साव ने बताया कि प्रति दिन 40 से 50 नाम और तिथि का कार्य हो पा रहा है। इधर आधार कार्ड में सुधार और तिथि में सुधार नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। जनता इधर से उधर भटक रही है। उसपर ना तो कोई जनप्रतिनिधि बोल रहे हैं और ना ही प्रशासन की ओर से अभी तक कोई दिशा निर्देश या अन्य कार्य किया जा रहे हैं। बताते चले की राशन कार्ड में केवाईसी करने के लिए 31 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गयी है। ताकि एक परिवार में अगर राशन कार्ड में चार लोगों का नाम है तो चारों को अंगूठा लगाकर ही पांच-पांच किलो अनाज मिलेगा। स्थिति यह है कि बच्चे और बुजुर्गों के अंगूठा का निशान में समस्याएं आ रही है और इस वजह से उन्हें 5 किलो अनाज जनवरी माह से नहीं मिल पायेगा। ऐसे में वह आधार कार्ड वाला के यहां दौड़ लगा रहे हैं।

# सैलानियों को लुभा रहा हजारीबाग का कैनरी हिल

**जंगल की हरी वादियों में सैलानी पहुंच चैन और सुकून करते है महसूस**

दीपक सिंह



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग शहर को प्रकृति ने अपने हाथों से सजाया और संवारा है। यहां कई ऐसे प्राकृतिक स्थान हैं जो आज के समय में पिकनिक स्पॉट के रूप में पूरे राज्य भर में जाने जा रहे हैं। शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित नेशनल पार्क सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जहां सालों भर घूमने और पिकनिक मनाने वाले आते रहते हैं, मगर दिसंबर और जनवरी का महीना कुछ खास होता है, जहां झारखंड के अलावा अन्य राज्य से भी सैलानी आते है। इनके अलावा नेशनल पार्क के पूर्व दिशा में स्थित सलफनी पिकनिक स्पॉट भी घूमने वालों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा शहर में स्थित झील भी झूमने फिरने वालों के लिए और पिकनिक मनाने वालों के लिए खास प्लेस है। इन सबों के अलावा शहर के उत्तरी पूर्वी दिशा में स्थित कैनेरी हिल पिकनिक का बेहतरीन स्थल है, जहां नए वर्ष का स्वागत करने हजारों की तादाद में लोग पहुंचते हैं। जंगल की हरी वादियों में सैलानी पहुंचकर चैन और सुकून महसूस करते हैं। जिला समेत पूरे राज्य भर के लिए यह खुशी की बात है कि कैनेरी हिल को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसको गढ़ने में केंद्र और राज्य सरकार ने आर्थिक मदद भी किया है। एनएच बायपास से जगदीशपुर जाने वाली सड़क के बायीं ओर स्थित पहाड़ी और जंगल को नगर वन के रूप में विकसित किया जा रहा है। पूर्वी वन प्रमंडल, हजारीबाग ने शहर के लोगों को कैनरी हिल को डेवलप कर शहर वासियों को तोहफा दिया है। कनहरी पहाड़ी के शीर्ष तक जाने वाली सीढ़ी बनने से इसकी सुंदरता में चार चांद लग गयी है। वहां नए साल के स्वागत और पुराने साल की विदाई में लोग आकर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। ऊंचे पर्वत से पूरे शहर और इसके आसपास के क्षेत्र के विहंगम दृश्य का अवलोकन किया जा सकता है। पहाड़ी के ऊपर गुंबद बना है। 586 सीढ़ियों को चढ़ते हुए वहां पहुंचा जा सकता है। जबकि दूसरी ओर वन विभाग का गेस्ट हाउस है और उसके बगल में वॉच टावर बना है।

## न्यू बोर्न बेबी को सुरक्षित करने की बेहतर पहल



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देनेवाली स्वैच्छिक संस्था धात्री फाउंडेशन की ओर से न्यू बोर्न बेबी को सुरक्षित करने की बेहतर पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आदर्श डीएवी स्कूल बेदरा विष्णुगढ़ में नवजात पुनर्जीवन और नवजात देखभाल विषय पर वर्कशॉप कराया गया। इसमें डॉक्टर समीर कुजूर शिशु और नवजात रोग विशेषज्ञ और डॉ अमन उरवार नवजात रोग विशेषज्ञ ने वहां के नर्सिंग होम और अस्पताल के स्टाफ व हेल्थ केयर वर्कर्स को इसकी ट्रेनिंग दी गयी। इसके तहत यह बताया गया कि कैसे जब बच्चा जन्म होता है और किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या आती है, तो उसे पहचानने और वहां पर फर्स्ट स्टेप ट्रीटमेंट देने की जानकारी दी गयी। फिर वहां से हायर सेंटर जाते वक्त बच्चे को कोई परेशानी न हो और वह सही सलामत वहां पहुंच जाये, इसके लिए प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गयी। इसके बारे में प्रैक्टिकल और थियोरेटिकल ट्रेनिंग दी गयी। साथ ही संस्था की ओर षे इस वर्कशाप का सर्टिफिकेट भी बांटा गया। इसमें शामिल 40 स्वास्थ्य कर्मियों को यह सर्टिफिकेट बांटा गया। उन्हें शपथ भी दिलायी गयी कि कैसे इस प्रोग्राम को आगे बढ़ायेंगे और कम से कम मोर्टालिटी रेट हो, इसके लिए आगे काम करेंगे। कार्यक्रम में धात्री फाउंडेशन के सेक्रेटरी विनय कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। डॉक्टर समीर कुजूर और डॉक्टर अमन उरवार के दिशा निर्देश पर पूरे कार्यक्रम को किया गया शामिल होने वाले लोगों में नरेश महतो, पीयूष कुमार और अन्य थे।

## बच्चों का वनभोज सह शैक्षणिक भ्रमण



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झरपो शिशु विकास विद्यालय के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन सिवाने नदी भोला बाबा मंदिर के पास शनिवार को किया गया है। इस दौरान स्कूली बच्चों के नदी, जंगल और पेड पौधे के बारे में बारिकी से बताया गया। साथ ही बच्चे 2024 की होने वाली विदाई पर खुब मौज मस्ती करते नजर आये विद्यालय निदेशक ज्योतिष पंडा ने कहा की वर्ष में एक बार बच्चों को वनभोज का लुत्फ उठाना चाहिए। जिससे बच्चों में खुशी और उमंग बनी रहती है, जिससे छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुची भी लगी रहती है। मौके पर प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय, शिक्षक प्रमोद पांडेय, सुरेश मिश्रा, रोहित कुमार, गीता देवी, अर्चना देवी, राजु साव, पिंटु साव समेत छात्राओं में प्रेरणा कुमारी, आरूषि कुमारी, मनीषा कुमारी, पारूल प्रिया, अनीषा कुमारी, सिन्धु कुमारी, रानी कुमारी, सोनपरी, सुप्रिया, अन्नु, रिया, सोनी, लक्ष्मी, परी, रौनक, आयुष, अंकित, अनुराग आर्यन, अमित, अमन, अनंत और अन्य बच्चें शामिल हुए।

## केरेडारी में विधायक के कार्यालय का उद्घाटन



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधायक कार्यालय का उद्घाटन विधायक रोशनलाल चौधरी ने शनिवार को फीता काटकर किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड अंचलाधिकारी सहित प्रखंड अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मियों ने विधायक का स्वागत अंग वस्त्र, बुके और माला पहनाकर किया। विधायक ने कार्यालय उद्घाटन कर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता जनार्दन का कार्य अंचल के अधिकारियों और लोगों के बीच समन्वय स्थापित कर जल्द जल्द से और निष्पक्ष रूप से निपटारा करने का काम करेंगे। अगर किन्ही प्रकार का कोई परेशानियां हो तो हमारे कार्यालय से संपर्क करें, मेरा कार्यालय आम जनता की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहेगा। प्रखंड में अंचल संबंधित कोई भी कार्य का निपटारा हो इसके लिए प्रखंड के सभी अधिकारियों को भी कार्य करना है। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, महामंत्री नरेश महतो, प्रीतम साव, आजसू प्रखंड सचिव मोहन महतो, मूलचंद साव, जिला आजसू मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा, तापेश्वर साव, जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल, लीलाधन साव, बद्रीनारायण सिंह, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, उपाध्यक्ष बिनोद महतो, महेंद्र महतो, प्रमोद कुशवाहा, विश्वनाथ कुशवाहा, कैलाश प्रसाद, अमित गुप्ता, काशीनाथ महतो, महिला प्रखंड अध्यक्ष राधा देवी, मनोहर साव, सुनील ठाकुर, जागेश्वर कुमार, बहादुर राम, उमेश राम, उतम राम, प्रमोद महतो, टेकनारायण महतो, सुनील कुमार, दिलीप कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया




कोडरमा (आजाद सिपाही)। राज इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। विज्ञान के शिक्षक मो इकबाल और सामाजिक अध्ययन के शिक्षक आदित्य राज ने स्लाइड्स दिखाकर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को बताया गया कि हमें कभी बिजली व्यर्थ नहीं करनी चाहिए बल्कि जितनी जरूरत उतनी ही प्रयोग में लानी चाहिए। ऊर्जा अहम है और इसके संरक्षण किया जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए ऊर्जा की कमी न हो। 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। प्रिंसिपल राहुल घोष ने स्कूल में लगे हुए सोलर पैनल का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि हम सबको दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए और ऊर्जा के संरक्षण और संवर्धन में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एक्सटेंपोर प्रतियोगिता कक्षा सात और कक्षा आठ में बच्चों को ऊर्जा संरक्षण से संबंधित अलग-अलग विषय दिए गए जिसमें पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत शामिल थे। प्रतियोगिता में कक्षा 7 के छात्र कार्तिकेय, कक्षा 8 की आयशा नोमानी और कक्षा 4 के आदित्य राज ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 7 की अंशिका अनुराग ने कविता के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझाया। इसके बाद कक्षा पांच में भाषण प्रतियोगिता में प्रगति राठौड़ और इशिका तिवारी ने ऊर्जा संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। इसके साथ पोस्टर के माध्यम से पल्लवी कुमारी और अनुप्रिया ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन रामलखन सिंह ने शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। विद्यालय के समन्वयक पूजा शेखर, एमडी इकबाल, असेंबली प्रभारी अनिता सिंह, आशीष भुजेल, इंदु, ज्योतिषना, काजल, चंपा, सैफ, खेल शिक्षक शरद, रिजवान, सम्मा, ज्योति सिंह, श्रेया आदि मौजूद रहे।

## गोला में फायरिंग करने आये राहुल सिंह गिरोह के सदस्य पर मामला दर्ज

गोला (आजाद सिपाही)। भारत माला परियोजना के सड़क निर्माण कार्य स्थल मुरी रोड गोला में शुक्रवार की देर शाम फायरिंग मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दहशत फैलाने के इरादे से पहुंचे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मिस हैंडलिंग में एक अपराधी सुरेंद्र गंझु के पैर में गोली लगी है, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल अपराधी का पुलिस कस्टडी में रिम्स-रांची में इलाज कराया जा रहा है। दूसरा अपराधी सोमनाथ गंझु को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि घटना से संबंधित एक कारतूस, एक खोखा और खून से सना मिट्टी को बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में दोनों राहुल सिंह गैंग गिरोह के सदस्य हैं। गोली से जख़्मी सुरेंद्र गंझू उम्र 22 वर्ष पिता लालो गंझु, पता गाड़ीगांव, गंझु टोला, थाना-बरियातु जिला लातेहार का और दूसरा सोमनाथ गंझु उम्र 20 वर्ष पिता अमीन गंझु, पता बड़ीखाप, पंचायत साल्वे, थाना बतियातु ज़िला लातेहार का रहने वाला है। बताया जाता है कि अपराधी गोला में चल रहे भारत माला प्रोजेक्ट से रंगदारी को लेकर गोलीबारी कर दहशत पहुंचाने आये थे।

# जैना मोड़ के पास हादसा, एक ही परिवार के चार समेत पांच की मौत

एक ही परिवार के चार सदस्य की हुई है मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** रामगढ़-बोकारो नेशनल हाइवे दांतू गांव के समीप शुक्रवार रात 10 बजे एक भीषण सड़क हादसा में सुतरी गांव के एक ही परिवार के चार और एक अन्य व्यक्ति की मौत के बाद गांव में कोहराम मच गया है। पुरे गांव में शोक की लहर है। दिन भर मृतक के घर पर लोगों का आना जाना लगा रहा। लोग दिन भर परिजनों को ड़ाढस बढ़ाते रहे। दोपहर को पांचो मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद गोला प्रखंड का सुतरी गांव लाया गया। पांचो शव को देख परिजन दहाड़े मर कर रोने लगे। घटना में सुंदरलाल सिंह (उम्र 35) के अलावा उनकी पत्नी धूपिया देवी (उम्र 30) पुत्र कृष्ण कुमार (उम्र 10) और पुत्री गुंजन कुमारी (उम्र 7) और इसी गांव के सुजीत सिन्ह (उम्र 30) वर्ष की मौत हुई है। इसके अलावा हादसे में सुंदरलाल सिंह के पिता और उसी परिवार के तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है।

### गोला के सुतरी गांव के रहनेवाले थे सभी



सुतरी गांव में दोपहर को हर किसी की आंखों में आंसू छलक गया। सुंदरलाल सिंह का पूरा परिवार हादसे में काल के गाल में समा गया। उनकी पत्नी और एक बेटा और एक बेटी का शव एक साथ में निकला। यह नजारा काफी दर्दनाक था। सभी शव को स्थानीय घाट में सुंदरलाल सिंह उनकी पत्नी धूपिया देवी, पुत्र कृष्ण कुमार और पुत्री गुंजन कुमारी को एक साथ दफनाया गया। जबकि सुजीत सिंह को जलाया गया। उल्लेखनीय है कि सभी चंद्रपुरा के भंडारीदह स्थित फुलवारी गांव में एक रिश्तेदार के घर मुंडन कार्यक्रम में गये थे। सुतरी निवासी सुंदरलाल सिंह के साढ़ू के पौत्र का मुंडन था। कार्यक्रम से लौटने के समय यह हादसा हुआ।

# न्यू इयर सेलिब्रेशन में पर्यटकों की होगी धूम, सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी पुलिस : एसपी



### रजरप्पा और पतरातू में बनेगा हेल्प डेस्क

एसपी अजय कुमार ने इसकी तैयारी अभी से ही कर ली है। शनिवार को बातचीत के दौरान एसपी ने बताया कि रजरप्पा और पतरातू डैम में बाकायदा हेल्प डेस्क बनाया जायेगा। पर्यटकों के बीच में चोर उचक्के भी घुस जाते हैं। ऐसी वारदातों में तत्काल पुलिस की सहायता पर्यटकों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि क्रिसमस से लेकर जनवरी माह और फरवरी महीने के पहले सप्ताह तक पर्यटक नए साल का जश्न मनाते हैं। रामगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर पर्यटकों की भीड़ लगती है। पतरातू डैम में भी वोटिंग के लिए लोग आते हैं। सभी भीड़भाड़ वाले इलाके और डैम के आसपास भी पुलिस फोर्स मौजूद रहेगी। इसके अलावा पतरातू घाटी में लगातार पुलिस की गश्त जारी रहेगी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** न्यू ईयर का सेलिब्रेशन हो और रामगढ़ की हसीन वादियों में पर्यटकों की भीड़ ना हो यह नामुमकिन है। पर्यटक नये साल के जश्न में दो महीने तक डूबे रहते हैं। रामगढ़ जिले की पतरातू घाटी और डैम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसके अलावा रजरप्पा का दामोदर नदी तट भी एक बड़ा पिकनिक स्पॉट के रूप में विख्यात है। इन दोनों स्थानों पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं और पूरे दिन पिकनिक मनाते हैं। इसके अलावा विभिन्न थाना क्षेत्र में भी दर्जनों पिकनिक स्पॉट हैं, जहां हंसी वादियों के बीच लोग नए साल का आगाज करते हैं। नए साल के जश्न में एक तरफ जहां पर्यटकों की धूम रहेगी, वहीं रामगढ़ पुलिस उनकी सुरक्षा में भी कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

**आपराधिक वारदातों पर भी पुलिस की रहेगी नजर** : एसपी अजय कुमार ने बताया कि पतरातू क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोह भी सक्रिय रहता है। उनकी गतिविधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर है। बाइक और गाड़ी से घूमने वाले अपराधियों को पुलिस ने पहले से ही चिन्हित कर रखा है। नए साल के जश्न के दौरान पर्यटकों को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे सामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी भी तय है।

## पीएम केंद्रीय विद्यालय में मना स्थापना दिवस



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय प्रांगण में शनिवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीजल शेड पतरातू के सीनियर डीएमई ओंकार शरण सिंह, विद्यालय के प्राचार्य गौतम प्रियदर्शी, प्रतिमा सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण का भी कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों की डांट फटकार आशीर्वाद के समान है। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व शिक्षक और पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की और गणेश वंदना से शुरू की गयी। इसके बात स्कूली बच्चों ने गीत, नृत्य आदि मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य श्री प्रियदर्शी ने इस मौके पर विद्यालय के उपलब्धियों को सार्वजनिक किया। कार्यक्रम के अंतिम दौर में मुख्य अतिथि को विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकाश के लिए खरीदे गये विभिन्न सामग्रियों को प्राचार्य को दिखाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदिता होरो, अंजुम खातून, डीके दास, चिंता गोंड, नीलम श्रीवास्तव, जेके सिंह, हरीश मिंज, पूनम लकड़ा, कुमार मयंक, दामोदर लोहारा, पूजा कुमारी, सुदीप मलिक, पंकज कुमार, प्राची, पूजा कुमारी, सुमित कुमार, शिल्पा कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योत्सना चौहान, अजय कुमार, ज्योति, शालू, प्रीतम सिंह , दयाल साव गोरखनाथ घांसी, ओमप्रकाश प्रसाद, सोमर उरांव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## मां शीतला मंदिर में भंडारा का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक द्वारा शीतला माता की पूजा-अर्चना करायी गयी। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 500 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया की लायंस भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगों को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान के कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य है। जो निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा बर्णवाल, अंजू देवी, शिवा प्रसाद, डॉ राजेंद्र महतो, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, डॉ एमके मंजुल, संजय जायसवाल, विजयंत कुमार, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, दीनबंधु सिंह, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा। मौके पर उपेंद्र सिन्हा, सीमा सिन्हा और किशोर कुशवाहा मौजूद थे।

## सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगा संपूर्ण शिक्षा कवच



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब संपूर्ण शिक्षा कवच मिलेगा। बच्चों को 24 घंटे शिक्षकों के साथ संपर्क करने की सुविधा होगी। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग करियर काउंसलिंग की भी सुविधा मिलेगी। डीसी चंदन कुमार की पहल पर डीएमएफटी से एक नई पहल की शुरुआत की गयी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी और शैक्षणिक संस्थान फिलो के बीच शनिवार को एमओयू साइन किया गया है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिले में शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संपूर्ण शिक्षा कवच की शुरुआत की गयी है। संपूर्ण शिक्षा कवच परियोजना के तहत शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा एवं शैक्षणिक संस्था फिलो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। परियोजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन माध्यमों से तैयार किया जायेगा। जिसमें विद्यालयों में लाइव क्लासेस आयोजित किये जायेंगे। वहीं बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से 24 घंटे शिक्षकों से जुड़कर अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को दूर करने की भी सुविधा प्रदान की जायेगी। साथ ही विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी।

### समाजसेवी प्रेम सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा लोजपा (रा) का दामन

# केंद्र सरकार गांव-शहर की दूरी को कम करने का काम कर रही है: चिराग पासवान

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**चतरा।** झारखंड खनिज संपदाओं से परिपूर्ण है। झारखंड विकसित राज्य बन सकता है। यहां दूसरे राज्य के लोग भविष्य सवांरने आ सकते हैं। पर अफसोस यहां के ही लोगों को न तो बेहतर शिक्षा मिल रही और न रोजगार। रोजगार और शिक्षा को लेकर यहां के ही लोगों का पलायन हो रहा है। ये बातें चतरा महाविद्यालय के सामने मैदान में पार्टी द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा अभिनंदन सह मिलन समारोह में लोजपा (रामविलास) सुप्रीमों सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार चुनने के बाद पिछले पांच साल तक राज्य की विकास का हाल देखा, फिर भी उन्हीं के हाथ राज्य को फिर से लूटने के लिए सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में पलायन बढ़ा है। यहां के लोग दूसरे राज्य में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। फिर वहीं नौकरी करने लगे। वहीं घर खरीद कर और शादी कर उसी राज्य के हो जाते हैं। उन्होंने झारखंड की इस तस्वीर को बदलने का काम करने की अपील किया। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। पीएम मेरे पिता की सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने घर घर शौचालय बनवाकर और रसोई गैस देकर महिलाओं को सम्मान दिया। केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान के तहत गरीबों को 5 लाख तक की मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गयी। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार गांव - शहर की दूरी को कम कर रही हैं। हर युवा को रोजगार दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कारण आज भारत विश्व के 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाली देश बनी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश विकसित बन कर हरेक राज्य को विकसित बनायेगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कारण आज भारत विश्व के 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाली देश बनी है। उन्होंने चतरा विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के लोजपा प्रत्याशी के प्रचंड जीत पर चतरा विधानसभा की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, जमुई सांसद अरूण भारती, सह प्रभारी कुमार सौरभ, विधायक जनार्दन पासवान, समाजसेवी प्रेम सिंह, जिलाध्यक्ष गौरी प्रसाद यादव समेत अन्य वक्ताओं ने भी ने भी संबोधित किया। समारोह में प्रेम सिंह समेत विभिन्न दलों के नेता, जिप सदस्य मुखिया समेत अन्य ने सदस्यता ग्रहण की।

### जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहेंगे : जनार्दन पासवान

विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में एक-एक बूथ पर बोरियां भरकर रुपये बांटे जा रहे थे। लेकिन यहां की जनता ने उनके मनसूबों पर पानी फेर दिया और प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए के लोजपा प्रत्याशी को जीत दिलाया। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में विकास के कार्य किए जाएंगे। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि यहां की जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहेंगें और समस्या के समाधान के लिए वे 24 घंटा तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपनी प्रचंड जीत पर जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### पार्टी के अच्छे कार्यो और सिद्धांतों को देखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी का दामन थामा हूं: प्रेम सिंह

समाजसेवी प्रेम सिंह ने कहा कि पार्टी के अच्छे कार्यो और सिद्धांतों को देखते हुए लोक जनशक्ति पार्टी का दामन थामा हूं और पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए हरसंभव कार्य किये जायेंगे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# कुजू में अवैध कोयला के भरोसे चल रहा है ईंट भट्ठा

तस्कर और संचालक हो रहे मालामाल, सरकार को हो रहा राजस्व नुकसान

क्षेत्र में अवैध मुहानो से जारी है कोयला उत्खनन कार्य



**अमरजीत कुमार**

**कुजू(आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी क्षेत्र के विभिन्न ईंट भट्ठों और बंगला ईंट भट्ठों में इन दिनों अवैध स्टीम कोयला के भरोसे ईंट पकाने का खेल शुरू हो गया है। इस अवैध कारोबार में क्षेत्र के कई कोयला तस्कर, ईंट भट्ठा संचालक मिलकर सक्रिय हो गये है। जबकि भारी मात्रा में कोयला आपूर्ति कराया जा रहा है। क्षेत्र के कुजू कोलियरी पानी टंकी जंगल के पास इन दिनों दिनदहाड़े अवैध मुहानो से कोयले का उत्खनन कार्य कर भारी मात्रा में ईंट भट्ठों में खपाने का खेल शुरू हो गया। जबकि क्षेत्र के तिलैया टांड़, करमा, कुजू-मांडू सीमांकन क्षेत्र के पास स्थित मांडू के ईंट चिमनियो में अवैध कोयला आपूर्ति करने का खेल कोयला तस्करों द्वारा ट्रैक्टर, मोटर साइकिल के माध्यम से धड़ल्ले से जारी है। इधर, सीसीएल की बंद खदानों सहित दामोदर नदी के किनारे व जंगलों के बीच भट्ठों में अवैध उत्खनन कर कोयला पहुंचाने के लिए कई जगह सुरंग भी बनाये गये हैं। इसमें कभी भी हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**कोयला तस्कर हो रहे हैं मालामाल:**

क्षेत्र में अवैध उत्खनन के कोयले से दर्जनों बंगला व फिक्स चिमनी ईंट भट्ठा सुलग रहे हैं। वहीं, पेट की आग बुझाने के लिए मजदूर वर्ग के लोग जानलेवा सुरंगों में घुसकर अवैध कोयले को निकालते हैं। बाद में तस्कर औने पौने दाम में अवैध कोयले को खरीदकर भट्ठों में पहुंचाकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। इससे प्रतिदिन राज्य सरकार को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। सूत्र बताते हैं कि कोयले के अवैध उत्खनन कार्य में कई चिमनी व बंगला ईंट भट्ठा संचालकों के अलावा कई कोयला तस्कर शामिल है। जो रात के अंधेरे में धड़ल्ले से कोयला तस्करी का व्यापार कर रहे हैं।

**कुजू कोलियरी का कोयला मांडू के ईंट भट्ठों में खपत का खेल!:** क्षेत्र के कुजू कोलियरी व कुजू-मांडू सीमांकन स्थित चिमनी भट्ठों पर इन दिनों अवैध कोयला पहुंचाया जा रहा है। इस काले धंधे के धंधेबाजों द्वारा रोजाना ट्रैक्टरों के माध्यम से मुहानों से निकाले गये अवैध कोयले को जंगलो के रास्ते पहुंचाकर मोटी कमाई करने का खेल बेखौफ पुलिस को चुनौती देते हुए जारी है।

### अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में सम्मान समारोह का आयोजन

# बच्चे आगे बढ़ेंगे और देश का नाम रोशन करेंगे: निशिकांत कर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रामगढ़।** अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में प्रातः कालीन सभा में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता और उपविजेता खिलाड़ी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सभा के मुख्य अतिथि विद्यालय के वाइस चेयरमैन एनके अयंगर साहब थे। विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी जोन एफ निशिकांत कर ने मुख्य अतिथि व सम्मानित आगंतुक अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर स्वागत और सम्मान किया।

**छात्राओं ने नृत्य और स्वागत गान कर सभी का मन मोह लिया:** विद्यालय की छात्राओं ने नृत्य व स्वागत गान कर सभी का मन मोह लिया। ज्ञातव्य हो कि इस सम्मान समारोह में उन खिलाड़ियों को पारितोषिक दिया गया जो डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर खेले जाने वाले खेलों में भाग लिए थे। यह प्रतियोगिता दिल्ली व नोएडा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित की गयी थी। इस प्रतियोगिता में देश भर के लगभग बीस हजार खिलाड़ी विद्यार्थियों ने जो स्टेट लेवल पर विजेता बने थे।

प्राचार्य ने यह भी कहा कि हमें अपने बच्चों पर विश्वास है कि वे अवश्य ही आगे बढ़ेंगे और देश, परिवार का नाम रोशन करेंगे। मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी तथा आगे बढ़ने के मंत्र भी दिए। सभा में मुख्य रूप से विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिका व शुभचिंतक विजयलक्ष्मी अयंगर, समाजसेवी आसिफ इकबाल, विजेता खिलाड़ियों के माता-पिता भी उपस्थित थे। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वचन दिये। मंच संचालन विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका मौसमी बनर्जी के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक व विद्यालय के सेकंड मैन एएन पाठक के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक सुमित कुमार, कला शिक्षक नीरज पाठक वह अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### प्रतियोगिता में पूरे देश से 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया

इस प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग 2000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इन्हें भी उचित पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्टेट लेवल पर पेंटिंग के क्षेत्र में भी कला शिक्षक नीरज पाठक के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने अपने कला का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिनमें सान्या कुमारी, श्रेया श्री, दिशा प्रधान प्रमुख हैं। विद्यालय के छात्र अंतरिक्ष शर्मा ने एनडीए तथा यश सिंह ने क्लैट में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी दक्षता का परिचय दिया है। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी को शुभकामनाएं दी व आने वाले समय में सफलता अर्जित कर जीवन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख भी दी।

### खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीत परचम लहराया

इसमें विद्यालय के खिलाड़ियों ने भरपूर कोशिश कर स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक जीत कर अपना परचम लहराया। स्वर्ण पदक विजेताओं में वॉलीबॉल में राज सिन्हा, कराटे में आयुष कुमार, नैतिक वत्स, नैंसी सिंह और खुशी कुमारी बॉक्सिंग में अंजली कुमारी, पुष्पांजलि कुमारी और जूडो में भूमि चौधरी के नाम प्रमुख हैं। वहीं 10 खिलाड़ी विद्यार्थियों ने रजत पदक और 26 खिलाड़ी विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। जिला स्तर पर नेहरू युवा उत्सव में विद्यालय के शिक्षक कृष्ण भट्टाचार्य के देखरेख में बालिकाओं ने नृत्य और गीत-संगीत में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें भी इस सम्मान समारोह में उचित सम्मान देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)जो राष्ट्रीय स्तर पर सरकार द्वारा पूरे भारतवर्ष में प्रतियोगिता आयोजित करायी जाती है उसमें विद्यालय के नवी कक्षा के छात्र त्रिशीथ मुखर्जी ने चंडीगढ़ में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## शव के साथ ग्रामीणों ने किया फैक्ट्री गेट जाम



गोला (आजाद सिपाही)। ब्रह्मपुत्र मैटेलिक प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत एक मजदूर पोदो महतो का देवकमल अस्पताल रांची में इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गयी। पोदो विगत सात दिसंबर को फैक्ट्री में ड्यूटी के दौरान आग लगने से झुलस गये थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ फैक्ट्री गेट को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन मृतक के परिजनों के साथ अन्याय कर रही है। फैक्ट्री में काम के दौरान मौत हुई है। इसके बाद भी प्रबंधन के द्वारा मुआवजा को लेकर कोई बातचीत नहीं की गयी। आक्रोशित ग्रामीण शव के साथ प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी कर रहे थे। ग्रामीणों में यह भी बताया कि प्रबंधन मजदूरों को सुरक्षा उपकरण के नाम पर कुछ नहीं देती है। परिणाम यह है कि अक्सर यहां हादसा होते रहती है। दर्जनों मजदूर अभी तक झुलस के मारे जा चुके है। प्रबंधन सिर्फ मजदूरों का शोषण कर रही है। मजदूर बेबस लाचार यहाँ अपना जान गवा रहे है। बताया गया कि अक्सर यहां दुर्घटना घटते रहता है। इधर आक्रोशित ग्रामीण फैक्ट्री प्रबंधन पर पचास लाख मुआवजा और एक नौकरी की मांग कर रहे हैं। समाचार लिखें जाने तक ग्रामीण गेट में जमे थे।

## प्रेमिका के चक्कर में पत्नी का गला घोंटने वाला गिरफ्तार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सिरका में प्रेमिका के चक्कर में अपनी पत्नी का गला घोट वाला पति सुनील सिंह उर्फ सुनील कुमार सिंह कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया है। रामगढ़ पुलिस ने शनिवार को उस अपराधी को जेल भेज दिया है। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सुनील सिंह पिछले एक वर्षों से अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद फरार था। काफी मशक्कत कर उसे गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार कुज्जू ओपी क्षेत्र के तोपा कॉलोनी निवासी सुनील सिंह शादी के बाद अपने ससुराल सिरका में ही पत्नी के साथ रह रहा था। वहां उसका अवैध संबंध एक दूसरी लड़की से हो गया। प्रेमिका के चक्कर में उसने अपनी पत्नी का साड़ी से गला घोट दिया। इस वारदात को अंजाम देने में प्रेमिका ने भी उसका साथ दिया था। घटना के बाद पुलिस ने प्रेमिका को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन सुनील पुलिस के चंगुल से काफी दूर जा चुका था। रामगढ़ पुलिस ने भी हार नहीं मानी और लगातार उसकी तलाश करती रही। अंततः सुनील पुलिस की गिरफ्त में आ गया।

# सबका साथ जरूरी है

एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की - हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जायें, ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है।


**अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है, तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाये रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है।**

असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाये रखने में सहायक होती है। इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं, बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है, तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाये रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जीवन में हम बहुत सारी चीजों को इकट्ठा कर ले तो संतुष्ट नहीं होते हैं। जब हम उन चीजों के प्रति कृतज्ञता की भावना से भरते हैं, तो हमारे अंदर आत्मसंतोष आता है। यह बात हमें बार-बार याद दिलाती है कि सुख किसी भी खुशहाल स्थिति या कंफर्ट जोन में आने पर नहीं मिलता है। यह बहुत चीजों या बहुत बदलाव से भी नहीं प्राप्त होता है। यह गुड वाइब्स यानी दिव्यता के आभामंडल में निवास करने से प्राप्त होता है। हम उसी चीज को अट्रैक्ट करते हैं, जिस पर फोकस करते हैं, फिर चाहे वह पॉजिटिव हो या निगेटिव। अगर हम अपनी सीमित करनेवाली मान्यताओं के बारे में सचेत होकर उन्हें बदलना चाहते हैं, तो हमें सोचने और चीजों को करने के तरीकों में बदलाव करना होगा।**

# दिव्यता के आभामंडल के दौर में आदमी



डॉ मयंक मुरारी



सुख की पहचान उन गुड वाइब्स यानी दिव्यता के आभामंडल में अंतर्निहित होती है, जिसकी अनुभूति में हम खुद से प्यार करना सीख जाते हैं। यह पूर्णतः लॉ ऑफ अट्रैक्शन के सिद्धांत पर काम करता है। इसका तात्पर्य यह है कि हम दुनिया में जिस तरह की एनर्जी को प्रस्तुत करते हैं, वह उसी प्रकार की एनर्जी को अपनी ओर खींचती है। सकारात्मक मानसिकता से जीवन में हम अच्छा मन, सही व्यक्ति और बेहतर माहौल को अट्रैक्ट करेंगे, जो हमारे लक्ष्यों को पाने में हमारी सहायता करेंगे। जीवन में हम बहुत सारी चीजों को इकट्ठा कर ले तो संतुष्ट नहीं होते हैं। जब हम उन चीजों के प्रति कृतज्ञता की भावना से भरते हैं, तो हमारे अंदर आत्मसंतोष आता है। यह बात हमें बार-बार याद दिलाती है कि सुख किसी भी खुशहाल स्थिति या कंफर्ट जोन में आने पर नहीं मिलता है। यह बहुत चीजों या बहुत बदलाव से भी नहीं प्राप्त होता है। यह गुड वाइब्स यानी दिव्यता के आभामंडल में निवास करने से प्राप्त होता है। हम उसी चीज को अट्रैक्ट करते हैं, जिस पर फोकस करते हैं, फिर चाहे वह पॉजिटिव हो या निगेटिव। अगर हम अपनी सीमित करनेवाली मान्यताओं के बारे में सचेत होकर उन्हें बदलना चाहते हैं, तो हमें सोचने और चीजों को करने के तरीकों में बदलाव करना होगा। विख्यात लेखक वेक्स किंग ने अपनी किताब-गुड वाइब्स, गुड लाइफ हाउ सेल्फ-लव इज द की टू अनलॉकिंग योर ग्रेटनेस में इन पॉजिटिव वाइब्स पर लिखा है। वह कहते हैं कि आत्मिक आरोहण के अभ्यास के माध्यम से विषाक्त ऊर्जा पर काबू पाने और अपनी भलाई को प्राथमिकता देने पर काम किया जा सकता है। इसमें सकारात्मक आदतों के निर्माण के प्रयास करने की बारीकियों एवं अभ्यासों के बारे में बताया गया है। इस जगत में हमारे हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। हम जो भी ऊर्जा बाहर निकालेंगे, वह उसे वापस लौटा देगा। हम बोलने, सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को बदलें और हम अपनी दुनिया बदलना शुरू कर देंगे। जीवन में आपका सबसे लंबा रिश्ता खुद के साथ है। जब आप इस रिश्ते को अच्छी तरह से निभाते हैं, तभी आप दूसरों के साथ अपने रिश्ते को निभा सकते हैं। हम अपने जीवन को केवल कल्पना में ही मौजूद भविष्य के इर्द-गिर्द ही सीमित रखते हैं और जो हमारे सामने घटित हो रहा है, उसे पूरी तरह से नजरअंदाज कर देते हैं।

**हम किसी भी चीज को तब तक साकार नहीं कर सकते, जब तक कि अहम उसमें विश्वास नहीं करते।**

हम किसी भी चीज को तब तक साकार नहीं कर सकते, जब तक कि अहम उसमें विश्वास नहीं करते। इच्छाओं को पूरा करना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे महसूस करना भी जरूरी होता है। इस दौरान केवल लॉ ऑफ अट्रैक्शन के साथ हमें जीवन में लॉ ऑफ वाइब्रेश्ज्ञन को समझने की जरूरत है। भावनाओं पर काबू पाकर ही हम अवचेतन मन में अच्छे विचारों का बीजारोपण कर सकेंगे। बेस्ट सेलर किताब मैनिफेस्ट में रोक्सी नफूसी बताती है कि हरेक व्यक्ति के अंदर पॉजिटिव वाइब्स को अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है। इसके लिए अपने पर भरोसा रखना होगा। मैनिफेस्टिंग का पहला सिद्धांत यह है कि हम अपने दिमाग में उस चीज की एक स्पष्ट और ब्योरे वार इमेज बनाये। यह विजुअलाइजिंग का चरण होता है। हमारा दिमाग मानसिक छवियों के आधार पर ही प्रतिक्रिया करता है। इसके बाद ही पॉजिटिव बिलीफ वास्तव में यथार्थ के धरातल पर प्रकट होता है।

हम जो भी महसूस करते हैं, उसे समझना सीखें। इसका उद्देश्य सकारात्मक विचार रखना नहीं है, बल्कि नकारात्मक विचारों को कुछ स्वस्थ विचारों में बदलना है, ताकि आप बेहतर महसूस कर सकें। हमेशा अपने व्यवहार की समीक्षा करें और अपने या दूसरों के प्रति विषाक्त किसी भी चीज को बदलने का प्रयास करें। यह न केवल आपके विकास का तरीका है, बल्कि यह आत्म-प्रेम का कार्य भी है। आप खुद को दिखा रहे हैं कि आप अपनी प्रगति को सीमित करने वाले व्यवहारों से बेहतर के हकदार हैं। इससे पहले कि हम किसी और की ऊर्जा को ठीक करने की कोशिश करें, सुनिश्चित करें कि आप इस प्रक्रिया में खुद को नष्ट न कर रहे हों। सबसे पहले अपनी ऊर्जा की रक्षा करें।

जो हुआ है, उसे स्वीकार करें। सांस अंदर लें, सांस बाहर छोड़ें और जाने दें। आप केवल इंसान हैं और आपको गलती की गंभीरता की परवाह किये बिना जीवन जारी रखने की अनुमति है। खुद को कोसने से स्थिति नहीं बदलेगी। आप आगे क्या करने की कोशिश करते हैं, यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। अगर आप परिस्थिति को बदल नहीं सकते तो उसके बारे में अपनी धारणा बदलिए। इसलिए आपकी व्यक्तिगत शक्ति या तो नियंत्रित होनी चाहिए - या नियंत्रण में होनी चाहिए। यह आपका अवचेतन मन है, जो आपकी मान्यताओं के लिए जिम्मेदार हैं। आप जो कुछ भी समझते हैं, वह आपके अवचेतन मन में जो कुछ भी सच मान लेते हैं, उसका परिणाम है। आपका लक्ष्य नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाना नहीं है, बल्कि उनके प्रति अपनी प्रतिक्रिया बदलना है। हमारी मान्यताएं एक लेंस की तरह हैं, जिसका उपयोग हम जीवन को देखने के लिए करते हैं, हम वही देखते हैं, जिसके बारे में हम स्वयं को आश्वस्त कर लेते हैं कि वह सत्य है।

अपनी मानसिक सीमाओं से बाहर निकलें। अपना जीवन ऐसी विश्वास प्रणाली की कैद में न बितायें, जो आपकी क्षमता को सीमित करती है और आपके सपनों को साकार होने से रोकती है। हम जो भी कहते हैं, वह अंततः साकार हो जाता है, आपके पास अपनी वास्तविकता के पहलुओं को अस्तित्व में लाने की शक्ति है। हम जो कुछ भी लिखते और कहते हैं, उसमें शक्ति होती है। आपका संदेश महत्वपूर्ण है। इसे समझदारी से इस्तेमाल करें। उपनिषद में कहा गया है कि जैसा आपकी दृष्टि होगी, वैसा ही आपकी सृष्टि होती है। जो आपके मन में वास्तविक है, वही हमारे जीवन में भी वास्तविक हो जायेगा। इसलिए इस बारे में चिंता न करें कि यह कैसे होने वाला है, अन्यथा हम सीमाएं बनाना शुरू कर देंगे। बस इस बारे में निश्चित रहें कि आप क्या चाहते हैं और पूरा ब्रह्मांड आपके लिए खुद को फिर से व्यवस्थित कर लेगा। हम अभी जिस भी रास्ते पर चल रहे हों, यह हमारा साथ देगा। यह हमको वह संकेत देगा, जिससे हम उस जगह पहुंच पायेंगे, जहां हम पहुंचना चाहते हैं।

अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलें और अपने डर का सामना करें। विकास तब होता है, जब आपको चुनौती मिलती है, न कि जब आप सहज होते हैं। हमको सब कुछ पता होना जरूरी नहीं है। जितना ज्यादा हम सोचेंगे, उतना ही हम टालमटोल करेंगे और आगे बढ़ने से डरेंगे। हिम्मत रखें और अभी शुरू करें, भले ही आप छोटी शुरुआत करें। बस आगे बढ़ें। चाहे आप कितनी भी चिंता करें, आपकी समस्या में सुधार नहीं होने वाला है। अपने ध्यान और ऊर्जा के साथ समझदारी से काम लें। आप दुनिया में तभी आगे बढ़ सकते हैं, जब हम अपनी चिंताओं, डर, चिंताओं को अपने पैरों के नीचे रख दें। कभी-कभी हमारे पास सिर्फ हमारा विश्वास होता है- इस बात पर हमारा विश्वास कि चीजें बेहतर होने वाली हैं। इस पर डटे रहें और विश्वास करते रहें, भले ही इसका मतलब यह हो कि ऐसा करने वाले सिर्फ आप ही हैं।

अच्छे वाइब्स को अपनाएं और चीजों को बहने दें। परिणामों को मजबूर करने की कोई जरूरत नहीं है। एक बार जब आप ब्रह्मांड के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेते हैं, तो जो आपका होना चाहिए वह आपके पास आ जायेगा। अस्वीकृतियां केवल बेहतर चीजों की ओर पुनर्निर्देशन मात्र हैं। जाने देना सीखें और चीजों को बहने दें।

**(लेखक : चिंतक और लेखक हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान मनुस्मृति लेकर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

# युवाओं का अंगूठा काट रही सरकार : राहुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संविधान और उसमें निहित विचारधारा पर जोर देते हुए कहा कि जब हम संविधान खोलते हैं, तो उसमें हमें डॉ भीमराव अंबेडकर, महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की आवाजें और उनके विचार सुनाई देते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में हमारी विरासत की झलक है। राहुल गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान और लोकतंत्र की महत्ता पर अपनी बात रखते हुए शनिवार को कहा, भारत का संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं है। यह हमारे देश की आत्मा है। इसमें हर नागरिक के अधिकार, कर्तव्य और देश के प्रति जिम्मेदारी का विवरण दिया गया है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और भाइचारे की भावना सिखाता है। राहुल गांधी लोकसभा में मनुस्मृति लेकर पहुंचे थे। उनके एक हाथ में संविधान था, तो दूसरे हाथ में मनुस्मृति।



राहुल गांधी ने भारत के संविधान को 'भारत माता' का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा, संविधान आधुनिक भारत का दस्तावेज है, लेकिन इसे प्राचीन भारत और उसके विचारों के बिना कभी नहीं लिखा जा सकता था। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष में संविधान को बचाने की बात करने वाले लोग बैठे हैं। इस दौरान उन्होंने सत्ताधारी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सावरकर ने संविधान के खिलाफ बोला था। राहुल गांधी ने एकलव्य का किस्सा सुनाते हुए कहा कि आप (भाजपा) गरीबों का, पूरे देश का अंगूठा काट रहे हो। उन्होंने कहा कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा काटा गया, उसी तरह से आज सरकार देश के युवाओं का अंगूठा काट रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत में एक वैचारिक लड़ाई चल रही है और विपक्ष की तरफ संविधान के विचारों के संरक्षक हैं। राहुल गांधी ने द्रोणाचार्य और एकलव्य की गाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे एकलव्य का अंगूठा काटा गया, उसी तरह सरकार पूरे देश आप पूरे देश का युवाओं का अंगूठा काट रही है। उन्होंने कहा, जब आप एक उद्योगपति को धारावी परियोजना देते हो, बंदरगाह और हवाई अड्डे को देते हैं, तो आप हिंदुस्तान का अंगूठा काटते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि विनायक दामोदर सावरकर ने संविधान के बारे में कहा था कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। कांग्रेस नेता ने सत्तापक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, जब आप संविधान की रक्षा की बात करते हैं तो आप सावरकर को कमतर और अपमानित करते हैं।

### किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला

# कल निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च, 18 को ट्रेन रोकेंगे

**पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, 10 घायल, एक ने जहर निगला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटियाला/अंबाला।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से शनिवार को दोपहर 12 बजे 101 किसान दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी पर बने पुल पर की बैरिकेडिंग पर रोक लिया। 40 मिनट तक पुलिस से बहस के बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, जिसमें 10 किसान घायल हुए। करीब दो घंटे बाद, यानी दो बजे दिल्ली मार्च को टालते हुए किसानों के जत्थे को वापस बुला लिया गया। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने रॉकेट लांचर से बम-गोलियां चलायीं। घग्गर नदी का गंदा और केमिकल वाला पानी प्रयोग किया। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि 16 दिसंबर को पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाले जायेंगे। 18 दिसंबर को पंजाब में 12 बजे से तीन बजे तक रेल रोको अभियान चलाया जायेगा। 18 दिसंबर तक कोई जत्था दिल्ली कूच नहीं करेगा। इस बीच शंभू बॉर्डर पर किसान ने आत्महत्या की कोशिश की। किसान नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि लुधियाना के खन्ना के किसान ने जोध सिंह ने सल्फास निगला है। गंभीर हालत के चलते उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इससे पहले किसानों के मार्च के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने अंबाला जिले के 12 गांवों में इंटरनेट बैन 18 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। खनौरी बॉर्डर पर संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत डल्लेवाल लगातार 19वें दिन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं।

# संभल के मुस्लिम इलाके में मिला 1000 साल पुराना मंदिर

**अफसरों ने मंदिर की सफाई कराई, पूजा-पाठ भी शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**संभल।** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा वाले इलाके में बिजली चेकिंग और अवैध अतिक्रमण अभियान के दौरान मिला मंदिर एक हजार साल पुराना हो सकता है। अफसरों ने खुद मंदिर में सफाई की और इसके बाद यहां पूजा-पाठ भी शुरू हो गयी है। प्रशासन ने तत्काल यहां पर सीसीटीवी भी लगवा दिया है। मंदिर 46 साल से बंद था। मंदिर के अंदर हनुमान जी की मूर्ति के साथ ही शिवलिंग और नंदी भी मिले हैं। यह पूरा इलाका सौ प्रतिशत मुस्लिम आबादी वाला है। पहले यहां काफी हिंदू परिवार भी रहते थे, लेकिन बाद में यहां से पलायन कर गये।



1976 से इस मंदिर पर ताला जड़ा हुआ था। खास बात यह भी है कि यह मंदिर संभल के सांसद जियाउर्रहमान के घर से केवल दो सौ मीटर दूर है। संभल के डीएम राजेंद्र पैंसिया के अनुसार मंदिर के आसपास कई नवनिर्माण भी करा दिये गये हैं। प्रशासन अब उन लोगों पर एक्शन की तैयारी कर रहा है, जिन लोगों ने यहां पर अवैध निर्माण किया है। डीएम राजेंद्र पैंसिया के अनुसार हम लोग यहां पहुंचे, तो तीन तरफ से अतिक्रमण किया गया था। केवल एक तरफ से मंदिर का हिस्सा दिखाई दे रहा था। प्रारंभिक जांच और इसे जानने वालों ने बताया कि यह मंदिर चार-पांच सौ से हजार वर्ष पुराना हो सकता है। इसे अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। अब इसका पुनर्निर्माण कराया जायेगा। यह मंदिर 46 साल पहले बंद कराया गया था। जांच की बात पर उन्होंने कहा कि पहले से ही इसकी जांच चल रही है। एक विशेष टीम भी बनायेंगे, ताकि पूरे जनपद में एक-एक चीज का सर्वे किया जा सके। डीएम ने बताया कि मंदिर के बाद किसी ने बताया कि इसके सामने एक कुआं भी है। पहले उसकी भी पूजा होती थी, अब उस पर रैंप बना लिया गया है। इसके बाद रैंप को तोड़ा गया, तो नीचे कुआं निकला है। कुएं की खुदाई भी करायी जा रही है।

# सुरक्षा के मामले में भारत-इस्राइल की चुनौतियां समान हैं : शोशानी

**इस्राइली राजनयिक ने बांग्लादेश हिंसा की निंदा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** इस्राइल के महावाणिज्य दूत कोबी शोशानी ने शनिवार को भारत और इस्राइल के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों देश सुरक्षा और उग्रवाद से संबंधित चुनौतियों में समानताएं साझा करते हैं। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूएचइएफ) को संबोधित करते हुए कोबी शोशानी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार की निंदा की।

उन्होंने कहा, जो भी वहां (बांग्लादेश में) हो रहा है, वह अस्वीकार्य है। इसके साथ ही उन्होंने हिंदू समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हमास द्वारा इस्राइलियों की हत्या का हवाला देते हुए कहा, हम जानते हैं कि अपराधियों के हाथों बेटियों और बच्चों की हत्या होना कैसा लगता है। इस्राइली दूत ने कहा, इस्राइल और भारत सुरक्षा और उग्रवाद से संबंधित चुनौतियों में समानताएं साझा करते हैं। उन्होंने बताया कि संकट नवीनीकरण को जन्म दे सकता है। शोशानी ने कहा, एशिया में भारत इस्राइल का सबसे अच्छा दोस्त है।

# देवेंद्र फडणवीस कैबिनेट का विस्तार आज

**नागपुर (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाली महायुति की शानदार जीत के बाद देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। साथ ही शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अजीत पवार को उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब राज्य मंत्रिमंडल के पदों के आवंटन पर सबकी नजरें टिकी हैं। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र सरकार 15 दिसंबर को मंत्रिमंडल का विस्तार करेगी। लगभग 30 नये मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना है। यह शपथ ग्रहण नागपुर में आयोजित होगा। महाराष्ट्र विधानसभा का सप्ताह भर चलने वाला शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से नागपुर में शुरू होगा, जो राज्य की दूसरी राजधानी है। इस सत्र के दौरान राज्य के विकास और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। बता दें कि महाराष्ट्र मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 मंत्री बनाये जा सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिल सकते हैं, जबकि शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिल सकते हैं। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने मंत्रिमंडल गठन को अंतिम रूप देने के लिए उपमुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार से अलग-अलग मुलाकात की थी।

# हेमंत की राह पर तेजस्वी, सरकार बनी, तो महिलाओं को हर महीने ढाई हजार देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार चुनाव 2025 के मद्देनजर आरजेडी नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बड़ा एलान किया है। तेजस्वी ने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो करोड़ों माताओं और बहनों के लिए माइ-बहन मान योजना की शुरुआत करेंगे। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को ढाई हजार रुपये देंगे। सीधे खाते में योजना के तहत ढाई हजार रुपये देने का काम करेंगे। सरकार बनते ही एक महीने के भीतर इस योजना की शुरुआत करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या महंगाई है। हमारी जो सरकार बनेगी, वो सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक न्याय भी देने का काम करेगी। माइ-बहन मान योजना के तहत उन गरीब महिलाओं और आर्थिक तौर पर कमजोर महिलाओं को मदद देने का काम किया जायेगा।

नेता प्रतिपक्ष ने योजना की घोषणा करते हुए कहा कि अगर महिलाएं खुश नहीं हैं, तो घर खुशहाल नहीं रह सकता। घर तरक्की करेगा, तो गांव तरक्की करेगा, पंचायत तरक्की करेगी, ब्लॉक तरक्की करेगा और राज्य तरक्की करेगा। हमें ये बताते हुए खुशी हो रही है कि ये यूनिक योजना होगा, जिसके जरिये खाते में सीधे ढाई हजार रुपये देने का काम करेंगे। इस दौरान तेजस्वी ने आह्वान करते हुए कहा कि आइए माताएं-बहनें, बिहार की विकास गाथा को आशीर्वाद दो। नींव रखो बिहार को नंबर वन बनाने की। सभी माताओं-बहनों से कहना चाहता हूं कि उनका दुख अब तेजस्वी देखेगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि कुछ लोग कहते थे, कहां से करेगा। पैसा कहां से आयेगा। हम तो मुख्यमंत्री जी से यह कहना चाहेंगे की आप सामने आइए और बताइए, हम लोगों ने कैसे नौकरी बांटी। लेकिन मुख्यमंत्री जी चुप हैं।

## गढ़वा नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष पिंकी केसरी की मुश्किलें बढ़ीं



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष पिंकी केसरी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने लगभग 9 साल पुराने वित्तीय अनियमितता के एक मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर गढ़वा के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। इससे पहले गढ़वा जिला और सत्र न्यायालय ने भी उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। गढ़वा न्यायालय से निराशा मिलने के बाद पिंकी केसरी ने झारखंड उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। एबीएन नंबर 5626/2024 के तहत इस मामले की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी राजेश शंकर की अदालत में हुई, जहां उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गयी।

# एसडीओ ने मध्यरात्रि में वाहन सहित डीजे किया जब्त, मामला दर्ज

- संबंधित मैरिज हॉल को सील करने का नोटिस
- आयोजकों पर भी की जा सकती है कार्रवाई
- न्यायालयी आदेश का अनुपालन करना हर एक नागरिक का दायित्व : एसडीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार ने शुक्रवार को मध्य रात्रि में नवादा मोड़ के पास तेज आवाज में बज रहे एक डीजे सेट को वाहन सहित जब्त कर गढ़वा थाने के हवाले कर दिया। गढ़वा पुलिस ने वाहन तथा डीजे सेट को सीज करते हुए डीजे संचालक पर सम्यक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें देर रात जोर-जोर से डीजे की आवाज सुनायी दे रही थी, इस पर त्वरित संज्ञान लेकर उन्होंने बिना सुरक्षाकर्मी लिए ही आवाज की दिशा में जाकर देखा तो आशीर्वाद मैरिज हॉल में आयोजित एक शादी समारोह में पॉप स्टार (पीएस) डीजे नामक डीजे सेट तेज ध्वनि और तेज लाइटों के साथ बज रहा था। उन्होंने इसकी सूचना गढ़वा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी को दी, थाना प्रभारी कुछ ही पलों में दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गये। एसडीओ के निर्देश पर पुलिस ने डीजे को वाहन सहित जब्त कर लिया। संचालक से आवश्यक पूछताछ के बाद उस पर सम्यक धाराओं के तहत प्राथमिकी भी दर्ज कर ली गयी।



गढ़वा थाना परिसर में सीज किया हुआ डीजे वाहन।

**मैरिज हॉल को नोटिस :** अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से नवादा रोड स्थित उक्त मैरिज हॉल को भी दो दिनों के अंदर पक्ष रखने का नोटिस जारी किया गया है कि किन परिस्थितियों में उन्होंने अपने यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में डीजे की अनुमति दे रखी है। बताया कि संतोषजनक कारण नहीं बताने की स्थिति में संबंधित परिसर को सील कर दिया जायेगा।

अनुमंडल पदाधिकारी ने शहर के सभी डीजे संचालकों, कार्यक्रम स्थलों/परिसरों के प्रबंधकों तथा आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी न्यायालयी आदेश का पालन करना प्रशासन के साथ साथ हर एक नागरिक का भी दायित्व है, इसलिए डीजे पर प्रतिबंध का सभी लोग अक्षरशः पालन करें। उन्होंने कहा कि हम सभी को भली भांति विदित है कि माननीय न्यायालय के आदेश के द्वारा डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है इसके बावजूद भी अगर किसी के द्वारा डीजे का प्रयोग किया जाता है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर उन आयोजकों के ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी जो डीजे को किराए पर लेते हैं। उन्होंने डीजे संचालक को चेतावनी दी कि अगर डीजे प्रतिबंध का आनुपालन नहीं करते हैं तो उनके प्रतिष्ठानों को भी सील करने की कार्रवाई की जायेगी।

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर नियम विरुद्ध तोड़े जा रहे हैं घर : उमेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा के नेताओं ने गढ़वा उपायुक्त के नाम उपविकास आयुक्त को माँग पत्र देकर चिनिया रोड में हो रहे अतिक्रमण रोड चौड़ीकरण के नाम पर गलत तरीका से रोड मापी कर घर तोड़े जाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मकान का वैल्यू लगाकर ही उसका मुआवजा देने का काम जिला प्रशासन के द्वारा नहीं किया जा रहा है। जो बहुत ही निंदनीय है। दूसरी तरफ अतिक्रमण कारी अपने मकान तोड़ते है तो उन्हें मकान बनाने के लिए बालू उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में पीड़ित घर वाले मोटी राशि देकर बालू लेने को विवस हैं। नेताओं ने कहा कि जिला प्रशासन से भाजपा नगर मंडल गढ़वा



आग्रह करता है जिनका भी मकान तोड़ने का कार्य किया जा रहा है उनके मकान का वैल्यू लगाकर उन्हें उचित मुआवजा देने का काम जिला प्रशासन करे। केंद्र सरकार के द्वारा बाईपास रोड का निर्माण किया गया उसके बावजूद अपने निजी स्वार्थ के कारण सैकड़ों घर तोड़वाने का कार्य किया जा रहा है। दूसरी ओर अतिक्रमण के नाम पर गरीबों का दुकान उजाड़ने का काम किया जा रहा है। भाजपा नगर मंडल गढ़वा ज़िला प्रशासन से मांग करती है सभी फुट्पाथ दुकानदार को विस्थापित कर उनके दुकान को तोड़ने और हटाने का कार्य किया जाये, यह सरकार गरीब विरोधी सरकार है। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप विवेकानंद तिवारी, महामंत्री देवेंद्र गुप्ता, राकेश शंकर गुप्ता, उपाध्यक्ष बंधु राम, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता मनोज महतो, जयंत पांडे, विकास तिवारी आदि उपस्थित।

## मझिगावां पंचायत की पूर्व मुखिया की सासू मां का निधन

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत की पूर्व मुखिया कलावती देवी की सासू मां और झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता रमेश रजवार की माता का निधन शनिवार की सुबह हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य बस्ती की सनकलवा कुंवर 80 वर्ष बीते 1 वर्ष से उम्र ज्यादा होने की वजह से बिस्तर पर ही रहती थी, जिनका देखभाल घर के लोग करते थे, वे मिलनसार व मृदुभाषी थी। वे अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। इनका अंतिम संस्कार रविवार को सोन नदी के श्रीनगर घाट पर किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर मझिगावां पंचायत समिति सदस्य पूर्वी छठनी देवी का अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह सोन नदी के श्रीनगर घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके पति नरेश पासवान ने दिया।



फाइल फोटो सनकलवा कुंवर।

## रंका प्रखंड के सभी मुखिया ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतों के मुखिया ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी को शिष्टाचार मुलाकात के दौरान गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मानपुर पंचायत के मुखिया हासिम अंसारी, बीडीसी असमुद्दीन अंसारी, खपरो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जफर अंसारी, खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, चुतरू मुखिया खालिद अंसारी, सिरोईखुर्द मुखिया करमदयाल सिंह सहित अन्य पंचायत के मुखिया शामिल थे।

## अपनी पुत्री का नाम सुधरवाने के लिए लगा रहे कार्यालयों का चक्कर



केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के केतार निवासी मनोरंजन कुमार अपने पुत्री का नाम सुधरवाने के लिए प्रखंड कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में कई बार चक्कर लगाया। परंतु अभी तक नाम नहीं सुधारा गया। विदित है कि मनोरंजन कुमार की पुत्री महिमा रानी की डाकघर की खाता में मोनिमा रानी है। जिससे कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से अपनी पुत्री की गलत नाम मोनिमा रानी से महिमा रानी शीघ्र सुधार करने की गुहार लगाया है।

## जनता डेंटल क्लीनिक में 5वें दिन 35 मरीजों की नि:शुल्क जांच, दंत प्रत्यारोपण की दी जानकारी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लीनिक में चल रहे और टूथपेस्ट प्रदान किये गये। शिविर के दौरान डॉ एमएन खान ने मरीजों को डेंटल इम्प्लांट (दंत प्रत्यारोपण) की उन्नत तकनीक और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया। डॉ. खान ने बताया कि डेंटल इम्प्लांट तकनीक में टाइटेनियम स्क्रू को जबड़े की हड्डी में लगाया जाता है, जिस पर कृत्रिम दांत स्थापित किया जाता है। डॉ. खान ने कहा कि शिविर 31 दिसंबर तक जारी रहेगा और दांतों की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को राहत प्रदान करने के साथ-साथ, उन्हें उन्नत उपचार विकल्पों की जानकारी दी जा रही है।

## भवनाथपुर सीएचसी अस्पताल में 31 महिलाओं का बंध्याकरण

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विभाग से मिले 1200 लक्ष्य के विरुद्ध में भवनाथपुर के सीएचसी अस्पताल में शुक्रवार की रात्रि में आयोजित हुए 5वां शिविर में 31 महिलाओं का बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन किया गया। जबकि अब तक 337 महिलाओं का बंध्याकरण तथा 14 पुरुषों का एनएसबी का सफल ऑपरेशन किया जा चुका है। जानकारी देते हुए अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल के कर्मियों के सहयोग से विभाग से मिले लक्ष्य को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूरा करने में सफलता हासिल करेंगे। ऑपरेशन कार्य में प्रभारी दिनेश कुमार के अलावे मेराल अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर विरेंद्र कुमार सहित सीएचसी कर्मी एलटी लाल साहेब, उपेंद्र कुमार साह, दिलीप कुमार, धर्मजीत राम, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, भायलेट एक्का, उपेंद्र कुमार, श्याम कुमार आदि ने सहयोग किये।

## भक्ति गीतों से शहर हुआ भक्तिमय

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय काली मंदिर परिसर में पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित हो रहा है। स्वामी दामोदर प्रपन्नाचार्य जी के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चार और संतों के प्रवचनों ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया है, यज्ञशाला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं विशेष रूप से बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं। श्रद्धालु यज्ञशाला की परिक्रमा करते हुए संतों के प्रवचन सुन रहे हैं और भक्ति में लीन हो रहे हैं। सुप्रसिद्ध मानस प्रवक्ता डॉ. दीपक त्रिपाठी के संगीतमय प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया है।

# मेराल में जांच के दौरान लोगों से वसूली : डॉ लाल महन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** भाजपा नेता डॉ लाल मोहन के नेतृत्व में मेराल के कार्यकर्ताओं ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से मिलकर जीत और विधानसभा में शपथ लेने पर बधाई दिया। साथ ही भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का मेराल में वर्षों से व्याप्त जन जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर भाजपा नेता डॉ लाल मोहन ने कहा कि वर्षों बाद गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक मिल पाया है। इससे क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा के पटल पर रखने का काम किया है। बालु समस्या से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है प्रधानमंत्री आवास




से लेकर अन्य सभी काम बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी से कहा कि मेराल में प्रशासन द्वारा दो पहिया वाहन को पकड़ कर सिर्फ परेशान किया जा रहा है, जांच के दौरान लोगों से मनमाना वसुली हो रहा है। जबकी मौके पर परिवहन विभाग का कोई पदाधिकारी मौजूद नहीं होता है। इससे आम जनता काफी परेशान हो चुका है। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि जनता को परेशान करने वाले अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होगी। जनता को लुटने वाले अधिकारी पर बहुत जल्द विभागीय कार्रवाई तय होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी पदाधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें। गढ़वा में लुट तंत्र को ध्वस्त करना जनता के बिच अमन चैन कायम करना प्राथमिकता है। गुंडाराज माफिया राज लुट तंत्र अब नहीं चलेगा। मौके पर भाजपा मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल भाजपा युवा नेता कमलेश कुमार रोहित कुमार मदन यादव रत्नेश ठाकुर सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संजय सिंह बने झारखंड अंडर-23 टीम के मेडिकल कोऑर्डिनेटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के संस्थापक संजय सिंह का चयन झारखंड राज्य अंडर-23 क्रिकेट टीम के मेडिकल कोऑर्डिनेटर के रूप में किया गया है। इस उपलब्धि से गढ़वा जिले के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह और हर्ष का माहौल है।

संजय सिंह के नाम कई बड़ी उपलब्धियां दर्ज हैं। इसके पहले वे झारखंड अंडर-17 टीम के मैनेजर के रूप में विजय मर्चेंट ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने 27 वर्षों तक गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव के रूप में अपनी दक्षता और कर्मठता का प्रदर्शन किया



और जिला क्रिकेट को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी इन कार्यकुशलताओं को देखते हुए झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने उन्हें झारखंड अंडर-23 टीम के मेडिकल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है।

संजय सिंह के चयन पर जिले के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और नागरिकों ने शुभकामनाएं दीं और झारखंड अंडर-23 टीम की सफलता की कामना की।

बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सुबोध वर्मा, सचिदानंद धर दुबे, अनिल सिंह, अनूप तिवारी, सियाराम शरण वर्मा, दीपक सिंहा, पंकज चौधरी, कमलेश सिन्हा, मुकेश गुप्ता, जुनाहूदिन खां, मोहित कुमार, अमलेश कुमार सिंहा, रामलखन प्रसाद, बिनोद बिहारी सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, महेंद्र दास, संजय कुमार, अनिल कुमार झा, रोहन तिवारी, अनुज कुमार चौधरी, सुशील गिरी, सुनील कुमार और नवनीत कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप का टाई शीट जारी

# 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 दिसंबर से टाउन हॉल के मैदान में शुरू होगा। शनिवार को अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील केशरी अशोक कुमार दुबे कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे और सह सचिव प्रिंस सोनी के साथ-साथ प्रतियोगिता में शामिल हो रहे सभी स्कूल के मैनेजर कोच के देखरेख में लॉटरी के माध्यम से टाई शीट तैयार किया गया।

इस मौके पर प्रतियोगिता के अध्यक्ष मदन प्रसाद के किसी ने कहा कि प्रतियोगिता में पारदर्शिता की नई पहल शुरू की गयी है। सभी संघ स्कूल के मैनेजर प्रतियोगिता के पदाधिकारी और खिलाड़ियों के मौजूदगी में कैमरे के सामने लॉटरी के माध्यम से पहली बार टाई शीट तैयार किया गया है।



सभी टीम के खिलाड़ी अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उपाध्यक्ष सुशील केसरी ने कहा कि लॉटरी के माध्यम से पहली बार कोच मैनेजर की उपस्थिति में टाईशीट जारी की गयी है। इसका उद्देश्य किसी भी टीम को किसी तरह की आपत्ति ना हो इसे ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया अपनायी गयी है।

प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में 27 स्कूल भाग ले रही है। प्रतियोगिता का पहला मैच 16 दिसंबर को आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा बनाम सीपी मेमोरियल के बीच खेला जायेगा। इस मौके पर अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, आशुतोष रंजन, रजनीश कुमार, सोनू सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 426 मामलों का निपटारा, 50 लाख से अधिक राजस्व की प्राप्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** व्यवहार न्यायालय में शनिवार, 28 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन नालसा एवं झालसा के आदेशानुसार और प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष नलिन कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर ऊंटारी व्यवहार न्यायालय के एडीजे टू मनोज कुमार त्रिपाठी, एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति प्रभारी सचिव अरविंद कच्छप, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष





बृजेश कुमार चौबे, सिविल जज सीनियर डिवीजन निशिकांत कुजुर, न्यायिक दंडाधिकारी शैलेंद्र कुमार नापित, और मुंसफ साकिया कौसर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 7 बेंच बनाए गए थे। जिनमें विभिन्न न्यायिक अधिकारियों ने मामलों का निपटारा किया। अदालत में कुल 426 मामलों का निपटारा हुआ, जिससे 50,16,096 का राजस्व प्राप्त हुआ।

कार्यालय:– जिला अभियंता, लातेहार

सूचना

अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा संख्या–33/2024–25 प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुवा में दरहाबांध नाला में पुलिया निर्माण एवं प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम सिरम में बाडी डेरा में पीच रोड से बाडी डेरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य प्रकाशित की गई थी जिसका PNR No- 338226 है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 342021 (Rural Development)24-25*D

# अधौरा गांव में असामाजिक तत्वों ने दरवाजे के सामने बछड़े का कटा हुआ सिर फेंका

- उधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल के साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की
- रामप्रवेश पाल के घर के दरवाजे के सामने बछड़े का कटा हुआ सिर का अवशेष मिलने से सनसनी फैल गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया पंचायत के अधौरा गांव में शनिवार की सुबह रामप्रवेश पाल के घर के दरवाजे के सामने बछड़े का कटा हुआ सिर का अवशेष मिलने से सनसनी फैल गयी। इस घटना को लेकर रामप्रवेश पाल ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी। जानकारी मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन और एएसआई नारायण प्रसाद पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त कटा सिर का अवशेष को बरामद करते हुए रामप्रवेश साह से घटना की जानकारी ली। रामप्रवेश पाल ने पुलिस को बताया कि गांव के ही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ही कुछ दिनों पूर्व कटा हुआ बछड़े का सिर मेरे घर के दरवाजे के सामने रखा बालू के नीचे उक्त सिर को रख ईंट से ढक दिया था, जब सुबह मेरी भतीजी निकली तो देख संदेह होने पर उसने बताई तो ईंट हटाने पर कटा हुआ सिर का अवशेष मिला। उसने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे प्रताड़ित करने के उद्देश्य से दूसरे समुदाय के लोगों ने मेरे घर के पास बछड़े का कटा हुआ सिर फेंक ऐसा घिनौनी कार्य का अंजाम दिया है। उधर पुलिस मामले की जांच पड़ताल के साथ ही गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़
रामगढ़ थाना के सामने, गांधीचौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

" सूचना "

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05वर्ष–2024–25दिनांक–29.11.2024 का P.R. No.- 340889 Road(24-25)_D द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में आमंत्रित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण विपत्र विक्री की तिथि | दिनांक18.12.2024 को 03.00 बजेअपराहन् तक। | दिनांक 23.12.2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक। |
| 2. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक19.12.2024 को 03.00 बजेअपराहन् तक। | दिनांक 24.12.2024 को 03.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक19.12.2024 को 03.30 बजेअपराहन् तक। | दिनांक24.12.2024 को 03.30 बजे अपराहन् तक। |

शेष यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,रामगढ़

PR 342043 Road(24-25)#D

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



बालूमाथ(आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। इसे शीघ्र पूरा कराने की मांग को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल, जिसमें बालूमाथ, बरियातू, हेरहंज और चंदवा के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष शामिल थे , स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रखंड अध्यक्षों ने कहा कि अस्पताल का धीमा निर्माण कार्य क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी समस्या बन गया है। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण लोगों को गंभीर बीमारियों के मंत्री इरफान अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि अस्पताल निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को जल्द ही दूर किया जायेगा और इसे निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जायेगा और साथ ही महिला चिकित्सक की कमी को भी दूर कर दिया जायेगा।

## छिपादोहर सड़क निर्माण कार्य चार माह से बंद, ग्रामीणों में आक्रोश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह छिपादोहर सड़क निमार्ण कार्य चार माह से बंद होने से सड़क से आने जाने वाले लोगों और सड़क किनारे गांव के लोगों को इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में शनिवार मुख्य सड़क के किनारे रहने वाले मुरू,पैरा, लुहूर, ऊकामाड़ के लोग मुख्य सड़क बहेराटांड़ के पास जमा होकर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने का विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों ने अविलंब सड़क निर्माण शुरू करने की मांग की। विरोध करने वाले ग्रामीणों का कहना था कि मुख्य सड़क निर्माण को लेकर मुख्य सड़क को कई जगह पर खुदाई कर दिया गया है। वहीं सड़क निर्माण को लेकर कई जगहों पर गिट्टी, मिट्टी, छरी आदि निर्माण सामग्री गिरा हुआ है। ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को अपने हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र देकर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग किया। अन्यथा बाध्य होकर ग्रामीण सड़क जाम करने को मजबूर होंगे। मौके पर ग्रामीण सतीश यादव, रमेश कुमार,सुदामा राम,प्यारी राम, राजदेव कोरवा समेत काफी संख्या में आसपास गांव के लोग शामिल थे।

## फर्जी पोस्टर उग्रवादी संगठन मामला में एक युवक पुलिस की हिरासत में

सेन्हा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 5 दिसम्बर 2024 को पीएलएफआई के नाम पर फर्जी पोस्टर लगा पुलिस को गुमराह किया गया था। वही बताया जाता है कि 3 दिसम्बर को किसान ईंट भट्ठा परिसर से शमशेर अंसारी का शव पुलिस द्वारा बरामद किये जाने के दो दिन बाद क्षेत्र के कल्हेपाट एवं कंडरा चौक में अलग अलग स्थान पर पांच उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम पोस्टर चिपका कर गुमराह करने का कार्य किया गया था, जिसके आलोक में सेन्हा पुलिस का लगतार क्षेत्र में कारवाई जारी था। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि पोस्टर बाजी मामला का पुलिस द्वारा उतभेदन करते हुए एक युवक को हिरासत में लिया गया हैऔर पूछताछ जारी हैं ।

# डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अपराधियों के पास से दो लोडेड देसी कट्टा, लैपटॉप, मोबाइल, मोटरसाइकिल समेत लूटे हुए कई सामान पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों की पहचान शैलेस कुमार साहु, राजेंद्र महली एवं इमरोज अंसारी के रूप में किया गया हैं। तीनों आरोपी डकैती की योजना बना रहे थे तभी मौके से पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की अपराधिक इतिहास रहा है। इस संदर्भ में लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने बताया कि उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह करवाई की गई है। कहा कि इसको लेकर संवेदनशीलतासे तत्काल छापेमारी टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा तीनों लुटेरों को सदर थाना क्षेत्र के जुरीया रोड स्थित एक भाड़े के मकान से गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपियों के पास से दो लोडेड देसी कट्टा, लूटे हुए चोरी के 2 मोटरसाइकिल, 4 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपी डकैती की योजना बना रहे थे। सभी का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी सभी जेल जा चुके हैं। जिले के हीरही और बदला में भी ये लूट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। इनके पास से लूट का सामान भी बरामद किया गया है। जिसके बाद इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया गया। इस में संबंध लोहरदगा थाना कांड सं०-233/2024, दिनांक-14.12.2024, धारा-310(4)/310(5)/317(3) बीएनएस और 25 (1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। वही इनके विरुद्ध लोहरदगा थाना कांड सं0-229/2024, दिनांक-08.12.2024, धारा-309 (4) बीएनएस, सेन्हा थाना कांड सं0- 106/2024, दिनांक-13.12.2024, धारा-309 (6) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है।

इधर छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियो में पुअनि-राकेश कुमार गुप्ता, संजय कुमार, सअनि-चन्द्रदीप मेहता, मनिष कुमार सिंह, ललन कुमार, अजय कुमार तिवारी, अमित कुमार तिवारी, देवेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र राम, देवेन्द्र राम, सत्त्य किशोर कुमार समेत अन्य शामिल है। प्रेस वार्ता के मौके पर सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर भी मौजूद थे।

## परिवहन विभाग ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** परिवहन नियमों का पूरी तरह अनुपालन करने और राजस्व की बढ़ोतरी को लेकर शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुधीर प्रकाश ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाया। शहर के ऑटो स्टैंड, रेलवे साइडिंग, कचहरी मोड समेत अन्य स्थानों पर वैसे ऑटो चालकों को रोका गया जिनका टैक्स बकाया है। समय पर टैक्स जमा नहीं करने कारण टैक्स की राशि बहुत ज्यादा हो गई है। बावजूद ऑटो चालक और व्यावसायिक वाहन के मालिकों द्वारा अब तक टैक्स जमा नहीं किया गया। इस मौके पर डीटीओ ने टेंपो चालकों से गहरी नाराजगी व्यक्त किया कहा कि, परिवहन विभाग द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त है कि, यथाशीघ्र सभी टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिकों से टैक्स की राशि वसूली की जाए। डीटीओ ने कहा, सभी ऑटो चालक प्राथमिकता और संवेदनशीलता से बकाया टैक्स जमा करना सुनिश्चित करें। कहा कि एक सप्ताह के अंदर टैक्स राशि जमा करें। आदेश का अनुपालन नहीं करने पर टेंपो चालकों और व्यावसायिक वाहनों के मालिकों खिलाफ परिवहन नियम कायदों के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी। डिफॉल्टर वाहनों का परिचालन रोक दिया जायेगा। उन वाहनों को जप्त कर लिया जायेगा। कहा गया कि परिवहन विभाग वर्तमान में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाएगा। सभी व्यावसायिक वाहन को भी वाहन टैक्स प्राथमिकता पर जमा करने का निर्देश दिया गया है। वाहन चेकिंग के दौरान डीटीओ सुधीर प्रकाश जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन अमृतेश्वर गिरी समेत विभागीय कर्मी मौजूद थे।

## युवाओं के पास असीम संभावनाएं : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का समापन समारोह नया नगर भवन में आयोजित किया गया। इस मौके मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि युवाओं के पास असीम संभावनाएं हैं। यह एक ऐसा समय होता है जब जीवन मे कुछ करने का निर्णय लेना होता है। मध्यमवर्गीय परिवार में हम बच्चों को कुछ विशेष दिशा में ही कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं लेकिन आज गीत, संगीत, नृत्य समेत अन्य कलाओ में भी कॅरियर की अपार संभावनाएं हैं। युवा महोत्सव में आज 11 तरह की कलाओं में यहां के छात्र-छात्राओं ने भाग लिए जो यहां की छिपी हुई प्रतिभा को दशार्ता है। ऐसे कार्यक्रमों से विशेष कर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

## बारियातू पुलिस ने गांजा की फसल की नष्ट



बारियातू (आजाद सिपाही)। बारियातू थाना क्षेत्र के गाड़ी ग्राम में पुलिस ने शनिवार को एक विशेष अभियान चलाकर लगभग तीन एकड़ भूमि पर अवैध रूप से उगायी गयी गांजा की लहलहाते फसल को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि गाड़ी ग्राम में अवैध गांजा की खेती लहलहा रही है। इस सूचना के आधार पर बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। शनिवार को अभियान चलाकर लगभग तीन एकड़ भूमि पर लगा गांजा की फसल को लाठी-डंडे से पिट पिट कर गांजा के पौधों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अब भूमि के स्वामित्व का सत्यापन कराया जा रहा है।इसके बाद अवैध खेती करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे मादक पदार्थों जैसे पोस्ता और गांजा की खेती स्वयं नष्ट कर दें। अन्यथा, भविष्य में पुलिस अभियान के दौरान अवैध खेती करते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## बिना चालान रसीद बालू ढोने के खिलाफ जांच अभियान



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड में बालू उठाव कार्य शुरू होने के बाद बिना रसीद के चोरी छुपे बालू ढोने वाले वाहन की धर पकड़ के लिए अंचलाधिकारी मनोज कुमार शनिवार को पूरे दिन विभिन्न मार्गो में सघन बालू चेकिंग वाहन अभियान चलाया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर द्वारा बरवाडीह के विभिन्न नदी बालू घाट से बिना चालान रसीद के बालू उठाव की सूचना मिलने के बाद अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने इसकी जांच शुरू कर दी है। सीओ ने शनिवार को प्रखंड के बालू घाट उठाव के सभी मार्गों से बालू उठाव कर ले जा रहे ट्रैक्टर की जांच की । हालांकि बालू ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर के पास चालक द्वारा बालू का चलान दिखाया गया। इस संबंध में सीओ मनोज कुमार ने बताया कि ऐसी सूचना मिल रही है।कि अनुमति प्राप्त बालू नदी घाट से बिना चालान रसीद के भी बालू का उठाव कर उसे ले जाया जा रहा है।इसकी गहनता से जांच की जा रही है। इस पर पूरी तरह अंकुश लगाया जायेगा।

## एकमात्र आधार सेवा केंद्र होने से ग्रामीण परेशान



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड में एकमात्र आधार सेवा केंद्र बेतला के होने से आधार सुधार संबंधी कार्यों के लिए प्रखंड वासियों के साथ सुदूरवर्ती इलाके के ग्रामीण को काफी परेशानी हो रही है, जिसे लेकर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से आग्रह किया है कि जल्द आधार सेवा सभी पंचायतों में बहाल की जाए। बता दे कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के सभी लाभुकों का आधार कार्ड का अद्यतन कराना निहायत जरूरी है। ऐसे में आए दिन सैकड़ों की संख्या में लोग अपना आधार कार्ड सुधरवाने कई तरह की परेशानियों का सामना कर एकमात्र आधार सेवा केंद्र बेतला पहुंचते हैं। पर उन्हें दु:ख तब होता है,जब काम नहीं होने पर दिनभर इंतजार करने के बाद निराश हो शाम बैरंग लौट जाना पड़ता है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर

भंडरा (आजाद सिपाही)। चट्टी-नगजुआ मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के खिजरी पहाड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गंभीर रुप से घायल वृद्ध को रांची रिम्स रेफर कर दिया है।

## कोल्हान की खबरें

# जावेद अख्तर हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला पुलिस ने लगभग डेढ़ महीने बाद चंद्रपुर निवासी जावेद अख्तर हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में अब्दुल कुद्दूस और मोहम्मद इरफान शामिल है। सरायकेला सर्किल इंस्पेक्टर विनोद मुर्मू ने बताया कि जावेद अख्तर की हत्या बीते 24 अक्टूबर को गोली मारकर कर दी गयी थी। एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया इस मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल कुद्दूस है। उसने सुपारी देकर जावेद की हत्या कराई थी। इस मामले में एक अन्य आरोपी मोहम्मद इरफान को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कांड में प्रयुक्त पिस्टल और 5000 नगदी बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि दो लाख रुपये में जावेद की हत्या की सुपारी दी गयी थी। इसमें तीस हजार रुपये पेशगी और पिस्टल अब्दुल कुदुस ने ही उपलब्ध कराई थी। पूछताछ के बाद दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी में थाना प्रभारी सतीश बर्णवाल,जांच अधिकारी रमन कुमार विश्वकर्मा और पुलिस अवर निरीक्षक ब्रजेश कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

## तीन परियोजनाओं का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने शनिवार को 15वीं वित्त आयोग की राशि से 3 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक की लागत से क्रियान्वित होने वाली तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में साकची, साना कॉम्प्लक्स से धालभूम क्लब तक,साकची हाई स्कूल से जेल चौक तक, अग्रसेन भवन से पुराना कोर्ट के गेट तक फ्लैंक पर पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन और सोनारी एयरपोर्ट से रामनगर चौक तक फ्लैंक पर पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन और बिष्टुपुर गुजराती सनातन समाज से हिंद क्लब होते हुए शास्त्रीनगर मुख्य सड़क तक, धोबी घाट से रामदास भट्ठा होते हुए दर्जी लाइन में निजाम खान के घर तक फ्लैंक पर पेवर्स ब्लॉक का अधिष्ठापन शामिल है। शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, सहायक अभियंता संजय सिंह, सुबोध श्रीवास्तव,धर्मेंद्र प्रसाद, कुलविंदर सिंह पन्नु, प्रकाश कोया, निखार सबलोक सहित अन्य मौजूद रहे।

## पोटका में विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



घाटशिला (आजाद सिपाही)। पोटका के विधायक संजीव सरदार ने शनिवार को प्रखंड के रसुनचोपा पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनने वाले दो कालीकरण सड़को का विधिवत शिलान्यास पुजा अर्चना के उपरांत नारियल फोड़कर किया। शिलान्यास किये गये सड़को में रसुनचोपा मुख्य पथ से खापरसाई गांव तक सड़क निर्माण (3.650 किमी) एवं सारसे मारांगगुटु से बुरुहातू चौक होते हुए लेंगाडीह तक कालीकरण सड़क निर्माण (3.01 किमी) शामिल है। दोनों सड़को का निर्माण पुष्पांजलि इंजीकोम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5.10 करोड़ रुपये की लागत से होगा। मौके पर विधायक ने कहा कि विगत पांच वर्षों में राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे राज्य में जो विकास की लंबी लकीर खींची है इसी के बदौलत जनता ने भारी बहुमत के साथ दोबारा राज्य में सरकार बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व और निर्देश पर उनकी मुख्य प्राथमिकता क्षेत्र में अधूरे विकास कार्यो को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ने के योजना के तहत सभी गांव के सड़को का कालीकरण एवं जर्जर सड़को के जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू करा दिया जायेगा।

## पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ के सम्मलेन में 24 को चाकुलिया आयेंगे राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला ।** चाकुलिया के जिला परिषद डाक-बंगला परिसर में पारंपरिक ग्राम प्रधान संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अरुण बारिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 24 दिसंबर 2024 को ग्राम सभा स्थापना दिवस मनाने के लिए चर्चा की गयी। ग्राम सभा स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो एवं विधायक समीर कुमार महांती को आमंत्रित किया जायेगा। समारोह को सफल बनाने के लिए विस्तृत रूप से चर्चा कर निर्णय लिया गया कि ग्राम सभा स्थापना दिवस समारोह में पूर्वी सिंहभूम के सभी प्रखंड से ग्राम प्रधान, डाकुआ, देहरी सहित ग्राम सभा से जुड़े मान्यता प्राप्त व्यक्ति भी शामिल होंगे । इसको लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा। ग्राम सभा स्थापना दिवस समारोह चाकुलिया स्थित टाऊन हॉल में आयोजित की जायेगा। कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक ग्राम सभा क्षेत्र में सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए पंचायत प्रभारियों को जिम्मा दिया गया है।

# कुड़ियान उत्क्रमित मध्य विद्यालय और भालकी मध्य विद्यालय जल्द होगा हाईस्कूल : रामदास सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के मंत्री सह घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने ग्रामीणों को मांग पर ग्रामीण विकास विभाग के विशेष प्रमंडल से गुड़ाबांदा प्रखंड के नूतनडीह में ८८ लाख की लागत से बनने वाले पुल का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। पुल के साथ आरसीडी रोड काशियाबेड़ा से नूतनडीह, कोशाफोलिया होते हुए जिलिंगडुंगरी तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृती भी मिल चुकी है। नाला में पुल का निर्माण होने से आसपास गांवों के लोगों को काफी राहत मिलेगी। शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मंत्री रामदास सोरेन ने कहा ग्रामीणों से नूतनडीह टोला में पुल निर्माण का जो वादा किया था, उसे आज पूरा कर दिए। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में नक्सली संगठनो का बोलबाला था। पूर्व नक्सली कान्हू मुंडा का घर भी इसी क्षेत्र में है। नक्सलियों का सरेंडर के बाद प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र में सड़क और पुल निर्माण का वादा किया गया था। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने कुड़ियान उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ बच्चों को खाली पैर देखकर एचएम से कारण पूछा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्कूली बच्चों के जूते दो दिन के अंदर दिलाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बच्चे स्वेटर और पूरी युनिफॉर्म के साथ विद्यालय आयें इसके लिए सचेत किया। अभिभावकों के साथ प्रतिमाह बैठक करने का निर्देश दिया। वही गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन ने चार पंचायतों में मौजूद हाईस्कूल की जानकारी ली। उन्होंने गुड़ाबांदा पंचायत के कुड़ियान उत्क्रमित मध्य विद्यालय और भालकी पंचायत के भालकी मध्य विद्यालय को हाईस्कूल में अपग्रेड कराने का आश्वासन दिया। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा 10 किलोमीटर से अधिक दूरी होने के कारण पहाड़ी क्षेत्र के बच्चे आगे नहीं पढ़ पाते हैं। उन्होंने कहा सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बच्चों को भी उच्च शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए पहल करेंगे। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, प्रमुख शुभोजीत मुंडा,उप प्रमुख रतन लाल राउत, झामुमो नेता जगदीश भकत, कान्हु सामंत, काजल डॉन, बिमल कर्मकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र नाथ गांतात, द्विजेन प्रधान, झंटु घोष सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## धीरज मोबाइल के संचालक आइसीयू में



**गुमला।** गुमला जशपुर रोड स्थित स्टेडियम 2 के समीप गुरुवार की रात धीरज मोबाइल के संचालक विकास उर्फ छोटू को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें रिम्स रांची भेजा गया। जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है और उसे अब तक होश नहीं आया है। सदर अस्पताल में इलाजरत अपनी पत्नी के लिए वह खाना पहुंचाने जा रहा था। सदर अस्पताल में उसकी पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया है। लोगों ने बताया कि बाइक में सवार दो नशेड़ी उसे टक्कर मार कर घटना स्थल से फरार हो गया। शनिवार की शाम 6:00 घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

# आदिवासी नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**जन्मदिन मनाने के लिए पीड़िता को ठग-फुसला कर गुमला ले जाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** गुमला जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित मालम पंचायत की एक 15 वर्षीय नाबालिग 9वीं कक्षा की छात्रा के साथ कुछ लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि वह छात्रा जनजातीय समुदाय से संबंध रखती है। यह भी कहा जा रहा है कि छात्रा के साथ गुमला के एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा चैनपुर के चर्च रोड में किराये का घर लेकर रहती थी। वह चैनपुर के ही एक स्कूल में नवीं कक्षा में




पढ़ती थी। मंगलवार को आकाश कुजूर का जन्मदिन था। जन्मदिन मनाने के लिए पीड़िता को ठग-फुसलाकर उसे स्कोर्पियो गाड़ी से गुमला ले जाया गया। पीड़िता के साथ उसकी एक सहेली भी थी जो स्कूल से ही आकाश कुजूर, अमन टोप्पो, आनंद, राहुल बड़ा, और रोहित के साथ गुमला चले गये, जहां उन लोगों ने होटल लिया। पीड़िता ने बताया कि जन्मदिन मनाने के बाद आकाश कुजूर, अमन टोप्पो और राहुल बड़ा ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि उसकी सहेली और रोहित दूसरे कमरे में थे। बचने का काफी प्रयास करने के बावजूद, तीन लोगों ने मिलकर उसके साथ दरिंदगी की। इसके बाद मंगलवार की रात उसी स्कोर्पियो गाड़ी से ही आकाश पीड़िता को लेकर अपने घर आ गया और उसे रात भर अपने घर में ही रखा। बुधवार को काफी मिन्नत करने पर उसने पीड़िता को छोड़ दिया। जिसके बाद पीड़िता अपने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गुरुवार को चैनपुर थाना में घटना के संबंध में लिखित शिकायत की गयी। घटना के संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि नाबालिग बच्ची को ठग-फुसलाकर गुमला लेजाकर तीन युवकों ने दुष्कर्म किया है। उन्होंने बताया कि दो युवक रोहित और आनंद ने आरोपियों का साथ दिया है। उन्होंने बताया कि शनिवार को आरोपी रोहित और राहुल बड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य फरार हैं, जिन्हें भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# सेन्हा में पीएलएफआइ का पर्चा चिपकाने का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने दो अलग-अलग जगह पर वाहन जलाने, मंदिर में प्रतिबंधित मांस फेंकने व सेन्हा में पीएलएफआई का पर्चा चिपकाने के आरोपी में देवाकी कुसुम टोली निवासी रामजी भगत उर्फ रामजी उरांव को घाघरा पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार व थानेदार तरुण कुमार ने गुमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि 22 नवंबर की रात्रि चपका में महेश साहू का ऑटो कार व गुमला डीएसपी रोड जवाहर नगर निवासी चंदन कुमार का बोलेरो व उसके चालक का ट्रैक्टर को रंहे गांव में आग के हवाले कर दिया था। इस संबंध में पुलिस ने रामजी को



गिरफ्तार कर पूछताछ किया जिस पर रामजी ने अपराध को स्वीकार करते हुए बताया कि उसने घटना को कमल उरांव के साथ मिलकर किया था। घटना के पीछे संजू उर्फ मंजू देवी को फंसा कर जेल भेजना था क्योंकि संजू ईट भट्ठा में लेबर सप्लाई करती थी उसे फंसा कर लेबर सप्लाई का काम खुद से करने का प्लानिंग था। साथ ही रामजी से पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि वह दोनों मिलकर पुटो रोड स्थित मंदिर में प्रतिबंधित मांस भी फेंका था। साथ ही 4 दिसंबर को सेन्हा में पीएलएफआई का पर्चा चिपकाया और उसमें भी संजू उर्फ मंजू देवी का मोबाइल नंबर लिखा था ताकि उस घटना में भी संजू फंस जाये। इन सभी घटनाओं को स्वीकार करते हुए रामजी ने बताया कि यह तीनों घटना व कमल उरांव के साथ मिलकर किया था। घटना के पीछे का मकसद संजू को फंसा कर ईट भट्ठा में लेबर सप्लाई करने का काम खुद से करने का था।

# बढ़ती ठंड को देखते हुए उपायुक्त ने अलाव की व्यवस्था का दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में पिछले कुछ दिनों में तापमान के लगातार गिरने से कड़कती ठंड के मौसम को देखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा जिले के विभिन्न चौक चौराहों पर संध्या के समय अलाव जलाने के निर्देश जारी किये गये थे, जिसे देखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मुख्य चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर संध्या के समय अलाव जलाते हुए स्थानीय लोगों को ठंड से राहत देने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देश पर जहां शहरी क्षेत्र में नगर परिषद ने सभी चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की जिम्मेदारी ली है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों और प्रखंडों में संबंधित अंचल अधिकारियों के द्वारा अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। पिछले 10 दिनों में गुमला जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, इन दिनों मुख्य रूप से शाम के समय तापमान 8 डिग्री से 11 डिग्री तक देखने को मिल रही है। ऐसे स्थिति में जिला प्रशासन की समस्त जिले वासियों से यह अपील होगी कि खास कर शाम और सुबह के वक्त बाहर किसी महत्वपूर्ण कार्य से ही निकले। खुद को ठंड से बचाएं एवं सुरक्षित रहें।

## जरूरी स्थलों में बनाये जायेंगे शौचालय

# 15वें वित्त आयोग के तहत क्रियान्वित कार्यों को शीघ्र पूरा करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला जल और स्वच्छता समिति की बैठक सह कार्यशाला आहूत की गयी।

**गांवों को पुरी तरह खुले में शौच से मुक्त बनायें :** बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण का प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले में शौच मुक्त की स्थिति को बनाये रखना और ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के



स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ प्लस गांव तथा स्वच्छता, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है।

**विभिन्न विभाग आपसी समन्वय बनाकर करें कार्य :** उन्होंने फेज टू से जुड़े कार्यों को 15वें वित्त आयोग पंचायती राज, मनरेगा ग्रामीण विकास नगर विकास विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली और संबंधित विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाएं रोक :** वहीं इसके अलावा उन्होंने ठोस और तरल कचरा अवशिष्ट पदार्थों का प्रबंधन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किसी भी हाल में किसी भी स्तर पर ना हो, इसे सुनिश्चित करवाएं।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी , स्टेट कॉर्डिनेटर श्रेय कुमारी,सभी प्रखंडों के अभियंता सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# झारखंड के खिलाड़ियों का गुमला में स्वागत, उपायुक्त ने किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत जम्मू कश्मीर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम ने गोल्ड मेडल तथा अंडर-17 बालक फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, हरियाणा में आयोजित अंडर-17 बालिका हॉकी प्रतियोगिता में भी झारखंड टीम ने गोल्ड मेडल जीते। इन सफल खिलाड़ियों के गुमला आगमन पर उपायुक्त गुमला ने उन्हें माला एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में झारखंड फुटबॉल बालिका टीम से गुमला जिले के 6 खिलाड़ी, हॉकी बालिका टीम से 5 खिलाड़ी तथा बालक फुटबॉल टीम से 4 खिलाड़ी ने भाग लिया था। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, फुटबॉल प्रशिक्षक वीणा केरकेट्टा, हॉकी प्रशिक्षक शंभु कुमार, जिला खेल समन्वयक मनीष हेंब्रम और कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# दहेज उत्पीड़न, मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** नगर गोंदरो टोली गांव निवासी पुंदेव उरांव (38) को दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गाली गलौज के मामले में सिसई पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय हिरासत में शनिवार को गुमला जेल भेज दिया। इस बावत जानकारी देते हुए थानेदार संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पुंदेव उरांव की पत्नी ने पिछले 2019 में सिसई थाना में अपने पति के विरुद्ध दहेज मांगने व नहीं देने पर मारपीट करने और गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कांड दर्ज होने के बाद से ही आरोपी



फरार चल रहा था, जिसे गुप्त सुचना के आधार पर शनिवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं पुसो पुलिस के द्वारा भंडरा बेदाल गांव निवासी श्रवन कुमार महतो (20) को नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में पुसो पुलिस उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# सीलम पेट्रोल पंप के समीप 88000 रुपये और चांदी की चेन की लूट, शिकायत दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला-जशपुर रोड स्थित सीलम पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की रात 9:30 बजे पिस्टल सटा कर एक युवक से 88 हजार और चांदी की चेन की लूट की गयी है। मामले को लेकर राजा कॉलोनी निवासी मोहम्मद अकील अहमद ने शनिवार की अपराह्न 4:00 बजे गुमला थाना को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिये आवेदन युवक ने बताया शुक्रवार की रात मैं सीलम पेट्रोल पंप के समीप अपने एक दोस्त के घर गया था जहां खाने पीने का कार्यक्रम था। वह पहले से कुछ लोग मौजूद थे वही तीन से चार लोग हथियार एवं पिस्तौल लेकर वहां पहुंचे और कहने लगे जो जहां है वहीं रुक जाओ, इसके बाद पिस्तौल सटाकर उन लोगों ने पर्स में रखे 88000 नगद और गले से चांदी का चैन छीन लिया। वहीं युवक ने उनकी पहचान कर ली। घटना में शामिल अपराधियों के नाम महेश साहू भवेश साहू और एक लड़का जो बाइक स्टार्ट कर खड़ा था उसका नाम बंटी है। तीनों ग्राम तिर्रा सिलम के रहने वाले हैं। इनमें से एक युवक का आपराधिक इतिहास रहा है। कुछ लोगों ने बताया उसी रात तीनों ने एक ट्रक वाले से लूटपाट करने का प्रयास किया। घटना में शामिल लोग नशे का कारोबार करते हैं। एक युवक ने बताया 88 हजार लूट की बात गलत है। 22 हजार की लूट हुई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामला कुछ और है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विधायक को दी बधाई, कहा

# क्षेत्र के विकास के लिए रहते हैं तत्पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन शाखा गुमला के पदाधिकारियों ने गुमला विधायक भूषण तिर्की से शिष्टाचार भेंट की। साथ ही एसोसिएशन की ओर से उन्हें जीत की बधाई दी। मौके पर उपाध्यक्ष सुकरा भगत ने विधायक से कहा कि क्षेत्र की जनता ने आपको पुनः जीत दिला कर यह साबित किया है कि आप इस क्षेत्र के सर्व लोकप्रिय नेता हैं। और क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। वहीं सचिव विरेंद्र प्रसाद नारायण देव बीरू ने विधायक से अनुरोध किया कि हमारे विधायक मेंस एसोसिएशन की समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयास करें। मेंस



एसोसिएशन के सदस्य उनके प्रचंड जीत पर उन्हें बधाई देते हैं। न्यु पुलिस एसोसिएशन शाखा के निमित्त एक तला क्लब को दो तला बनाने और बिहार सरकार के तर्ज पर झारखंड सरकार से वर्दी भत्ता और अन्य भत्ते को दिलाने के लिए आवाज उठाने का आग्रह भी किया। जिस पर विधायक ने कहा कि उनके द्वारा न्यू मेंस एसोसिएशन की समस्याओं के समाधान के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। विधायक के संतोष जनक जबाब से एसोसिएशन के पदाधिकारी संतुष्ट दिखायी दिये।

# टेलर और ट्रक में भिड़ंत, ट्रक ड्राइवर घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** थाना अंतर्गत कोनबीर भागीडेरा चौक में सुबह लगभग साढ़े दस बजे ट्रक और टेलर के बीच सीधी भिड़ंत हो गयी, जिससे घायल दोनों ट्रक ड्राइवर को बसिया पुलिस के द्वारा बसिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। पुणे से आ रहे 912 ट्रक के चालक तरुण कुमार घोष ने बताया कि रोड पर एक आदमी बैठा हुआ



था, जिसे बचाने को लेकर यह दुर्घटना हुई। सड़क पर बैठकर भीख मांगने के कारण हुई दुर्घटना : कोनबीर के स्थानीय लोगों ने बताया कि एक अपंग युवक बीच रोड में बैठकर वाहनों से भीख मांगता है जिसके कारण यह दुर्घटना हुई और भविष्य में उस युवक के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिससे जान माल का नुकसान होने से इंकार नही किया जा सकता है। घटना के बाद पुलिस के द्वारा जेसीबी मशीन मंगा कर बीच रोड से दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन को हटाकर आवागमन शुरू कराया गया।

# साइकिल सवार दो युवक पुल से नीचे गिरे, घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत पनसो मोड में पुल से नीचे गिरने से कोटाम नवा टोली निवासी 20 वर्षी अजय उरांव और 18 वर्षीय चरवा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये।

घटना के बाद तत्काल दोनों घायलों को एंबुलेंस से सदर



अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक दोनों युवक शुक्रवार की शाम 7:00 बजे साइकिल में सवार होकर चाऊमीन खाने पनसो चौंक गये थे। जहां से दोनों वापस लौट रहे थे तभी सामने से आ रहे वाहन के लाइट से अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गये।

# डोभा में गिर कर एक व्यक्ति की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के चाची गांव में शौच के लिए घर से निकले पहान शिवा उरांव को डोभा में गिरकर पानी में डूबने के कारण मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी शनियारो उरांव ने बताया कि उसके पति शिवा उराव शौच करने की बात कहकर निकले थे और वह नहीं लौटे। काफी देर खोजबीन की गयी, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। वहीं पास के डोभा में जाकर देखा गया, तो डोभा के बाहर गमछा रखा हुआ देखा गया। जिसके बाद अन्य लोगों के सहयोग से उक्त डोभा में खोजबीन करायी गयी। काफी देर के बाद डोभा से शव को बाहर निकाला गया। वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल स्थल पहुंच जानकारी ली। वहीं शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

# जारी प्रखंड में उदघाटन की बाट जोह रहा अस्पताल

## लोगों को इलाज के लिए दूसरे राज्य और गुमला का लगाना पड़ता है चक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वीर शहीद परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के प्रखण्ड जारी में कई वर्षों की लंबित मांग के बाद सदर अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। लेकिन करीब एक वर्षो से तैयार अस्पताल उद्घाटन का बाट जोह रहा है। अस्पताल बनकर तैयार होने के बाद भी लोगों को इलाज के लिए गुमला और छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर अस्पताल जाना पड़ रहा है। अस्पताल में इलाज के लिए सुविधा तो बहाल की गई है लेकिन ना तो अस्पताल में डॉक्टर




हैं और ना ही कर्मचारी जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।बता दे की जारी प्रखण्ड में कई सुदुरवर्ती गांव है ' मामूली इलाज के लिए भी लोगों को चैनपुर गुमला और जशपुर छत्तीसगढ़ जाना पड़ता है। अस्पताल का उद्घाटन अब तक क्यों नहीं हुआ यह यहां के लोगों को पता नहीं है। लेकिन अस्पताल का उद्घाटन और सुचारू रूप से कार्य नहीं होने से लोग काफी नाराज हैं। लेकिन वे शिकायत करें तो कहां उन्हें समझ में नहीं आ रहा है। अगर अस्पताल में इलाज शुरू हो जाता तो यहां के लोगों को इधर-उधर भाग दौड़ नहीं करना पड़ता साथ ही पैसों की भी बचत होती। मामले को लेकर जारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा जारी प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल बनकर तैयार है लेकिन चालू नहीं होने से लोग परेशान है। वहीं दूसरे स्थान पर इलाज के लिए जाना पड़ता है। इस संबंध में प्रशासन से बात की जायेगी।

# पति के डांट से नाराज 40 वर्षीय महिला ने दीमक मारने वाला पाउडर खाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगी डांड निवासी 40 वर्षीय फूलमईत देवी ने शुक्रवार की रात दीमक मारने वाला पाउडर का सेवन कर लिया। रात 10:00 उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लाया गया जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक परिवार के सभी सदस्य धान मिसने गांव के पास स्थित खलिहान गए थे। महिला भी अपने पति के साथ धान मिस रही थी। तभी किसी बात को लेकर पति से उसका विवाद हो गया। इसके बाद पति ने उसे जमकर डांट लगायी। इसके बाद महिला गुस्से से घर आने लगी। वही खलिहान में ही उसे एक दीमक मारने वाला पाउडर का पैकेट मिला। जिसे वह अपने साथ लेकर घर चली आयी और घर आकर उसे खा लिया। देर शाम खलिहान से परिवार के लोग भी वापस आ गए। इसके बाद खाना पीना खाकर सभी सोने की तैयारी करने लगे। इसी बीच महिला की हालत खराब होने लगी उसे उल्टी भी होने लगी। इसके बाद महिला ने दीमक मारने वाला पाउडर खाने की बात बतायी। परिजन तत्काल उसे रायडीह अस्पताल ले गए। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अस्पताल में इलाज कराने के दौरान महिला ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया।

## फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का समापन, विजेता हुए पुरस्कृत

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीयू के महाराज जरासंध स्टेडियम में आयोजित फिट इंडिया यूनिवर्सिटी सप्ताह का शनिवार को समापन हो गया। इसकी शुरूआत नौ दिसंबर को हुई थी। फिट इंडिया के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमे इलेक्ट्रिक योगा, मेडिटेशन, जुंबा, कबड्डी आदि खेल शामिल था। प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता टीमों को इस दिन ट्रॉफी व मेडल देकर पुरष्कृत किया गया। पुरस्कारों का वितरण आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए खेल बेहद जरूरी है। खेल से शारीरिक, बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर उपनिदेशक अनुराग चंद्रवंशी, कुल सचिव डॉ देवाशीष मंडल, खेल समिति के अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी, आयोजन समिति के सुनील कुमार पटेल, छोटन प्रसाद, अमन कुमार यादव, सत्य प्रकाश, उपेंद्र पाल, श्रेया कुमारी, सुनील कुमार चौधरी, इदरीश हवारी आदि थे।

# दो बाइक की आमने-सामने की हुई टक्कर में दो युवकों की मौत

## ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर किया हंगामा, विधायक एवं सीओ के हस्तक्षेप से हटा जाम

### हादसे में युवती सहित दो अन्य गंभीर, अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना अंतर्गत जपला-छतरपुर मुख्य पथ के ऊपरी गांव के समीप शनिवार की सुबह दो बाइक की आमने-सामने की हुई टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतकों की पहचान आदिल अहमद और गोलू कुमार के रूप में हुई है। दोनों जपला सीमेंट फैक्ट्री के हार्वे लाइन के रहने वाले हैं। जबकि इसी हादसे में हुसैनाबाद के रपुरा ग्राम निवासी दीपक कुमार व उसकी बहन रूबी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर रोड को जाम कर खूब हंगामा किया।





सड़क हादसे में मारे गये गोली और आदिल की फाइल फोटो और सड़क जाम कर हंगामा करते लोगों को समझाने का प्रयास करते विधायक, सीओ व अन्य।

जानकारी के अनुसार जपला सीमेंट फैक्ट्री के हार्वे लाइन निवासी आदिल अहमद व गोलू घर से जपला ट्यूशन जाने के लिए निकले थे। जबकि हुसैनाबाद के ग्राम रपुरा निवासी दीपक अपनी बहन रूबी कुमारी के साथ परीक्षा देने जपला के एके सिंह कालेज जा रहे थे। इस बीच ऊपरी गांव के समीप दोनों की बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें आदिल और गोलू की मौत हो गई, जबकि परीक्षा देने जा रहे भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने जपला-छतरपुर रोड पर टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मृतकों के आश्रिति को मुआवजा व घायलों का समुचित इलाज की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक उक्त स्थान पर लगातार दुर्घटना होती है। लोगों ने उक्त स्थान पर स्पीड ब्रेकर लगाने की भी मांग की। दूसरी ओर हंगामें की खबर पाकर विधायक संजय सिंह यादव और सीओ पंकज कुमार तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गये और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बुझा कर शांत कराते हुए सड़क जाम को हटवाया। साथ ही मृतकों व घायलों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिया। लोगों के प्रदर्शन के चलते करीब तीन घंटे तक जपला-छतरपुर रोड जाम रहा। वहींस सड़क जाम समाप्त होने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जबकि घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मंत्री राधाकृष्ण



### ग्रामीणों की शिकायत पर वित्त मंत्री ने पाटन सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाटन/पलामू।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को पाटन के सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भी कहा कि अगर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में कहीं दिक्कत आती है, तो वह उनसे संपर्क कर सकते हैं। तत्काल समाधान कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को सेवाओं में बेहतरी लाने व अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने की हिदायत दी। साथ ही अस्पताल की साफ सफाई पर भी ध्यान देने को कहा। मंत्री ने कहा कि आगे से ग्रामीणों की शिकायत मिली तो दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। इस मौके पर सिविल सर्जन अनिल कुमार, पूर्व पीएम प्रवीण कुमार सिंह समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता शामिल थे।

## वित्त मंत्री से मिले कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग की



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शनिवार को राज्य के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिले। दोनों नेताओं की यह मुलाकात मेदिनीनगर स्थित कांग्रेस के जिला कार्यालय में हुई। रवींद्र शुक्ला ने राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने मंत्री जीसे से विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग रखी। कहा कि विश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है। विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग 25 वर्ष पुरानी है। इस बार झारखंड में प्रचंड बहुमत के साथ आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार बनी है। लोगों को उम्मीद है कि यह कल्याणकारी सरकार विश्रामपुर को अनुमंडल दर्जा जरूर देगी। इस पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रवींद्र शुक्ला को आश्वस्त किया कि विश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा दिलवाने के लिए सार्थक प्रयास करेंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी बात करेंगे।

## नियम कानून को ताक पर रखकर बालू माफिया कर रहे बालू का अवैध भंडारण



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी ने सभी थाना व अंचल स्तर पर अवैध बालू उठाव का पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके अवैध तरीके से बालू का खनन व भंडारण बेधड़क जारी है। प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए स्थानीय बालू माफिया अपनी मनमर्जी से बालू की निकासी में दिन-रात लगे है। ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अवसाने पंचायत के टोला मड़ही में दिखा। जहां प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय के पास बालू माफियाओं द्वारा दर्जनों ट्रैक्टर से बालू का भंडारण किये जाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नदी से बालू खनन व भंडारण के लिए पाबंदी लगा दी गयी है। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर अवसाने पंचायत से सटे कोयल नदी गुजरी है। जहां से बालू व्यवसाय करने वाले बालू माफियाओं ने बालू का भंडारण अवैध तरीके से करके रखे हैं। वहीं, अवसाने पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए बालू का भंडारण कराया गया है। बतातें चलें कि पलामू डीसी शशि रंजन ने जिला अवैध खनन टास्क फोर्स की बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया था कि किसी भी सूरत में कहीं भी बालू का अवैध उठाव, परिवहन या भंडारण नहीं होगा। जो ऐसा करे उसके खिलाफ अधिकारी कार्रवाई करें। लेकिन इस प्रतिबंध के बाद भी प्रखंड क्षेत्र में रेत के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण बेखौफ चल रहा है।

# एक्शन मोड में नगर प्रशासन, ब्लॉक गेट से मेन रोड किनारे तक फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** सीओ मनीष कुमार सिन्हा, बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी के नेतृत्व में हरिहरगंज नगर प्रशासन ने शनिवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले सभी दुकानदारों को 48 घंटे में खुद से ही जगह खाली करने का निर्देश दिया गया है। बता दें कि ब्लॉक सह अंचल कार्यालय गेट से एनएच 139 सड़क के दोनों किनारे नाले और सरकारी भूमि पर किए अतिक्रमण को हटाने को लेकर नगर प्रशासन एक्शन मोड में है। इस दौरान सड़क किनारे स्थित कई गुमटी, बैनर, होल्डिंग पोस्टर, बोर्ड और ठेला आदि को हटाया गया। सीओ ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को बीते 9 दिसंबर से मौखिक और प्रचार वाहन के साथ ही नोटिस देकर अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया गया था। बावजूद इसके दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसे देखते हुए पुनः सांकेतिक रूप से अतिक्रमण हटाते हुए शख्त हिदायत के साथ 48 घंटे का समय दिया गया है। इस दौरान निर्देशों के अनुपालन में कोताही बरती गई तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने अतिक्रमण के बाद विस्थापित हुए दुकानदारों के हितार्थ भी कार्य करने का संकेत दिया। मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, अंचल निरीक्षक संजीव कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, कनीय अभियंता नीरज कुमार, कुलदीप कुमार, संदीप कुमार, सुबोध यादव आदि शामिल थे। दूसरी ओर, ब्लॉक गेट से सड़क किनारे स्थित गुमटी और फुटपाथ दुकान के सहारे जीवन यापन कर रहे शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार, संतोष यादव, चिंटू कुमार, विजय प्रजापति, मोहसिन खान आदि दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान पर नाराजगी जताई है। कहा कि नोटिस में 48 घंटे का समय दिया गया था, लेकिन कुछ घंटे बाद ही अभियान चला दिया गया, जिससे दर्जनों लोग बेरोजगार हो रहे हैं।




FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788



असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
• बाईपास सर्जरी / ओपन हार्ट सर्जरी
• हृदय वाल्व की रिपेयर या रिप्लेसमेंट
7808368888 www.asarfihospital.com


## सखी मंडलों के बीच 2.96 करोड़ की परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शनिवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी व पीएलवी अखिलेश चौबे ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सखी मंडलों के बीच दो करोड़ 96 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इसके अलावा मजदूरों को मनरेगा का जॉब कार्ड दिया गया। बीडीओ ने कहा कि विधिक अधिकारों की पूर्ण जानकारी सभी के लिए जरूरी है। कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों को दूर करने के लिए जनजागरूकता अभियान ही सबसे ज्यादा कारगर होगा। वहीं, सीओ राकेश तिवारी ने लोगों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि समुचित जागरूकता के अभाव में लोग आज भी अपने अधिकारों से वंचित रह जा रहे हैं।

## बिस्कोमान डेलीगेट चुनाव में प्रफुल्ल कुमार सिंह की जीत, पलामू सांसद ने दी बधाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज के सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह ने बिस्कोमान पलामू जिला प्रतिनिधि चुनाव में निर्विरोध जीत दर्ज की है। बिस्कोमान के निदेशक मंडल के चुनाव से पहले जिला डेलीगेट का चुनाव 12-13 दिसंबर को हुआ था। जिला डेलीगेट ही बिस्कोमान के अध्यक्ष और निदेशक मंडल के चयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पलामू जिले से ग्रुप ए और ग्रुप बी के कुल दो प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हुए। विजयी प्रतिनिधिमंडल को जिला सहकारिता पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी उमेश सिन्हा ने प्रमाण पत्र सौंपा। प्रफुल वर्तमान में भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड) और बिहार स्टेट हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार-झारखंड) के निदेशक हैं। वह झारखंड राज्य सहकारी बैंक के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि भी हैं। इस अवसर पर प्रफुल ने बताया कि अपने कार्यकाल में वह सहकारिता को झारखंड में उत्कर्ष पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार-झारखंड में सहकारिता से विकास की असीम संभावनाएं हैं। खुशी की बात है कि राजनीति से ऊपर उठकर सहकारिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने इस बार हुए चुनाव को सहकारिता आंदोलन को मजबूती देने वाला कदम बताया है। सभी विजयी प्रतिनिधिमंडल जनवरी 2025 में होने वाले मुख्य चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता विभाकर पांडेय, उदय शुक्ला, विनय कुमार सिंह, ईश्वरी पांडे, मिथिलेश कुमार सिंह, भैरव सिंह, मुन्ना सिंह, आलोक सिंह, मुरारी सिंह, हृदय नारायण सिंह, नीरज कुमार, प्रशांत सिंह और पलामू पैक्स एसोसिएशन ने प्रफुल्ल को उनकी जीत पर बधाई दी है।

## नगर में व्यवस्था नहीं तो होल्डिंग टैक्स के लिए दबाव ठीक नहीं: अमरजीत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल रही है और होल्डिंग आदि टैक्स के लिए दबाव बनाना कहां का न्याय है। उक्त बातें शनिवार को हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी रह चुके अमरजीत कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि नपं क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्ट्रीट लाइट खराब पड़ा है। इस पर नगर प्रशासन को ध्यान नहीं है। साफ सफाई सही ढंग से नहीं हो रहा है। सड़क किनारे प्रशासन द्वारा वाहन लगा दी गई है जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। चौक-चौराहों पर कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं है। इस ओर नगर प्रशासन की ध्यान नहीं है। जब नगर प्रशासन व्यवस्था देने में असमर्थ नजर आ रही है तो टैक्स का दबाव बनाना ठीक नहीं। उन्होंने शहर में सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराते हुए टैक्स वसूली करने की बात कही है।


प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, रांची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.



50% Off on Making Charge
भारी छूट
आकर्षक उपहार
NEW SONI JEWELLERS
GOLD • SILVER • DIAMOND
Opp. Nirwachan Aayog (Election Commission) Ratu Road, Chowk, Ranchi - 01
9199555 26560
919431143722



JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योग्यताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)


## विधिक जागरूकता शिविर में कई पहलुओं पर चर्चा

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मनातू बीडीओ अर्जुन बांडों और सीओ मदन कुमार सुमन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस विधिक जागरूकता शिविर में कानून से संबंधित कई पहलुओं पर चर्चा की गई। लोगों को अपने अधिकार को लेकर जानकारियां दी गई। महिलाओं के अधिकार से संबंधित, सरकारी योजनाओं से संबंधित, साथ ही बैंक से लोन लेने से संबंधित जानकारियां दी गईं। इसके अलावा सरकार के महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना समेत कई संबंधित सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। वहीं, बाल विकास परियोजना की ओर से तीन व्हील्स चेयर वितरण किया गया। साथ ही आठ वृद्धा पेंशन एक विधवा पेंशन, तीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस द्वारा 6 फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत छह लाभुक को 50-50 हजार रुपए और कुल तीन लाख रुपये का डेमो चेक का वितरण, मक्का बीज का वितरण किया गया। समूह के महिला किसान जो मशरूम की खेती का प्रशिक्षण लेकर उत्पादन कर रही है जिसका आज ब्रांडिंग भी किया गया।


LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow
Police Line Hirapur, Dhanbad

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 अरब रुपये की हुई रिकवरी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नालसा के निर्देश पर साल 2024 के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्‌गाटन शनिवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस एसएन प्रसाद ने रांची से ही ऑनलाइन किया। इस मौके पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी धनबाद में आयोजित समारोह में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोदन में कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत अब परिचय का मोहताज नहीं है वह लोगों के आदत में शामिल हो चुका है। नवंबर 2013 से पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हर तीन महीने में किया जा रहा है। हमारा संविधान हर लोगों को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे लोगों को मानसिक शांति भी मिलती है। लोगों मे प्रेम, शाति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। वहीं, डीडीसी धनबाद सादात अनवर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। धनबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कहा कि डालसा आम लोगों के हित में लगातार काम कर रहा है। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। वहीं, अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि विवादों एवं मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 12 बेंच का गठन किया गया था है जिनके माध्यम से विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में शुरूआत के केवल चार घंटे में ही कोर्ट में लंबित 20,034 विवादों का निपटारा कर दिया गया। वहीं विभिन्न विभागों से संबंधित दो लाख 10 हजार प्रिलेटिगेसन मामलों का निपटारा किया गया। दोपहर एक बजे तक 12 अरब रुपये की रिकॉर्ड़ रिकवरी की गई। शाम तक यह आंकड़ा और बढने की संभावना है। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, एस एन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

## सांसद सीपी चौधरी ने लोकसभा में पूछा, कुड़मी को एसटी की सूची में क्यों नहीं किया गया शामिल



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** आजसू के वरीय उपाध्यक्ष व गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने 377 नियम के तहत लोकसभा में केंद्रीय जनजातीय मंत्री जुएल ओराम से जानना चाहा कि किन कारणों से कुड़मी समुदाय को 1931 के ट्राइब्स में शामिल होने के बावजूद 1950 में शेड्यूल ट्राइब्स नहीं बनाया गया। उन्होंने कहा कि अखंड भारत में पहले हुए जनगणना में ही कुड़मियों/कुरमी को झाड़ी ट्राइब्स और वुड ट्राइब्स चिन्हित किया गया था। इस जनगणना के बाद ही वृहद छोटानागपुर शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट घोषित कर शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874 पारित किया गया था, जो 25 नवंबर 1949 तक लागू था। इस वृहद छोटा नागपुर में कुड़मी जनजाति की आबादी सभी जनजाति से अधिक थी। बिहार-ओड़िशा प्रांत बनने के पहले ही छोटा नागपुर टेंडेंसी एक्ट 1908 पारित किया गया, जिसमें कुड़मी को आदिवासी रैयत कहा गया था। 1911 के जनगणना में कुड़मी को आदिवासी लिखा गया और 1913 में कुड़मी आदिवासी रैयत होने के कारण अन्य 12 जनजाति के साथ इन्हें भी भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1865 से अलग रखा गया, क्योंकि यह सभी जनजाति का अपना-अपना कस्टम है और उसी से यह लोग गाइड होते हैं। ट्राइब्स लोगों का वही एकमात्र पहला और अंतिम कस्टम नोटिफिकेशन है। 1950 में जिस तरह से 1931 के ट्राइब्स को ही शेड्यूल ट्राइब्स बनाया गया, परंतु सभी ट्राइब्स को आज तक शेड्यूल ट्राइब्स नहीं बनाया गया है।

## विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले 49 पुलिस कर्मी किये गये सम्मानित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले दनबाद जिले के 49 पुलिस अदिकारियों-जवानों को एसएसपी हदीप पी जनार्दनन ने अपने कार्यालय सभागार में सम्मानित किया। एसएसपी ने सभी 49 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देते हुए भविष्य में भी इसी तरह बेहतर कार्य करने की अपील की। एसएसपी ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में सभी का सहयोग सराहनीय रहा। जिसका नतीजा रहा कि धनबाद जिले में पहली बार चुनाव के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस की सतर्कता व कड़ी मेहनत का नतीजा रहा कि शांतिपूर्ण माहौल में मतदाताओं ने निर्भीक होकर मतदान किया। इसके लिए चुनाव कार्य में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी व जवान प्रशंसा के पात्र हैं। एसएसपी ने बताया कि पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं, अजित कुमार ने भी अपने हाथों से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले जवानों व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह, सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष सत्यम, निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार समेत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी आदि मौजूद थे।

## बोकारो डीपीएस के अनुराग ने यूपीएससी की आइइएस परीक्षा में देश में पाया पहला स्थान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीपीएस की गरिमा एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पर चमकी है। विद्यालय का छात्र रहे अनुराग गौतम ने (यूपीएससी) की ओर से आयोजित भारतीय आर्थिक सेवा (आइइएस) परीक्षा 2024 में पूरे भारतवर्ष में पहला स्थान हासिल कर न केवल विद्यालय और बोकारो इस्पात नगर, बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। विद्यालय में 2012 बैच के पूर्व छात्र अनुराग गौतम को रैंक 1 मिलने से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अनुराग को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य डॉ गंगवार ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और नया अध्याय है। यह विद्यार्थियों की उत्कृष्ट बुनियाद तैयार करने की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अनुराग की इस शीर्षतम कामयाबी को अन्य सभी छात्र-छात्राओं के प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्त्रोत भी बताया।


## समाहरणालय, लातेहार
## (भू–अर्जन शाखा)

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना
(देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक–07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–राजबार चादर–I में भूमि का रकबा–**297.62** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा–राजबार अंचल–बालुमाथ जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–राजबार चादर–I थाना नं0–195 राजस्व, थाना–बालुमाथ पुलिस स्टेशन–बालुमाथ जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजबार चादर –I | 1 | 435 | टांड दो | 1.25 | 1.25 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– रामधनी प्रजापति दक्षिण– जीतु उरांव |
| 2 | राजबार चादर –I | 1 | 836 | टांड दो | 0.11 | 0.11 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– बद्री उरांव दक्षिण– रामजीत उरांव |
| 3 | राजबार चादर –I | 1 | 968 | टांड दो | 1.97 | 1.97 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– गेन्दरा उराव दक्षिण– नदी |
| 4 | राजबार चादर –I | 2 | 430 | धान दो | 0.81 | 0.81 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– रामधनी उरांव दक्षिण– मंगरा उरांव |
| 5 | राजबार चादर –I | 2 | 434 | धान दो | 0.78 | 0.78 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– रामधनी उरांव दक्षिण– जीतु उरांव |
| 6 | राजबार चादर –I | 2 | 802 | टांड दो | 1.61 | 1.61 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– गेंदरा उरांव दक्षिण– रामजीत उरांव |
| 7 | राजबार चादर –I | 2 | 806 | टांड दो | 1.15 | 1.15 | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | अली उरॉव, पिता–तूरिया उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी– निज ग्राम | उत्तर– गेन्दरा उरांव दक्षिण– बद्री उरांव |
| 8 | राजबार चादर –I | 4 | 309 | धान दो | 0.26 | 0.26 | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | उत्तर– लाधो उरांव दक्षिण– चन्दरू उरांव |
| 9 | राजबार चादर –I | 4 | 311 | टांड दो | 0.27 | 0.27 | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | उत्तर– आहर दक्षिण– लुरूका उरांव |
| 10 | राजबार चादर –I | 4 | 317 | टांड दो | 0.08 | 0.08 | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | उत्तर– चन्दरू उरांव दक्षिण– विफा उरांव |
| 11 | राजबार चादर –I | 4 | 391 (P) | टांड दो | 1.12 | 1.10 | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | कईला उरॉव, पिता–एतवा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम, टोला हरैया टाड़ | उत्तर– गेन्दरा उरांव दक्षिण– नदी |
| 12 | राजबार चादर –I | 7 | 262 (P) | धान दो | 0.40 | 0.26 | मुसमात कदवा भूइनी, पति–जेठुवा भूईयाँ दो अंस, व कवला भूईयाँ वो मोहना भूइयाँ, पिता–बुधन भूइयाँ चार अंस समान, दुखिया भूईयाँ वो पोखराज भूइयाँ वो नारायण भूइयाँ, पिता–बितना भूइयाँ दो अंस समान व हिरवा भूइयाँ वो मिरखा भूइयाँ, पिता–करूआ भूइयाँ चार अंस समान , व देवाधारी भूइयाँ वो बेगवा भूइयाँ, पिता–लक्षुमण भूइयाँ चार अंस समान, मोसमत भगनी भूईनी, पिता–कुजा भूइयाँ दो अंस, जाति–भुइयाँ, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | मुसमात कदवा भूइनी, पति–जेठुवा भूईयाँ दो अंस, व कवला भूईयाँ वो मोहना भूइयाँ, पिता–बुधन भूइयाँ चार अंस समान, दुखिया भूईयाँ वो पोखराज भूइयाँ वो नारायण भूइयाँ, पिता–बितना भूइयाँ दो अंस समान व हिरवा भूइयाँ वो मिरखा भूइयाँ, पिता–करूआ भूइयाँ चार अंस समान , व देवाधारी भूइयाँ वो बेगवा भूइयाँ, पिता–लक्षुमण भूइयाँ चार अंस भूइयाँ दो अंस, जाति–भूइयाँ, पिता–कुजा भूइयाँ दो अंस, जाति–भुइयाँ, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर–केवला भुइयां दक्षिण– गोपाल मोची |
| 13 | राजबार चादर –I | 7 | 773 | नई परती टांड़ दो | 0.72 | 0.72 | मुसमात कदवा भूइनी, पति–जेठुवा भूईयाँ दो अंस, व कवला भूईयाँ वो मोहना भूइयाँ, पिता–बुधन भूइयाँ चार अंस समान, दुखिया भूईयाँ वो पोखराज भूइयाँ वो नारायण भूइयाँ, पिता–बितना भूइयाँ दो अंस समान व हिरवा भूइयाँ वो मिरखा भूइयाँ, पिता–करूआ भूइयाँ चार अंस समान , व देवाधारी भूइयाँ वो बेगवा भूइयाँ, पिता–लक्षुमण भूइयाँ चार अंस समान, मोसमत भगनी भूईनी, पिता–कुजा भूइयाँ दो अंस, जाति–भुइयाँ, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | मुसमात कदवा भूइनी, पति–जेठुवा भूईयाँ दो अंस, व कवला भूईयाँ वो मोहना भूइयाँ, पिता–बुधन भूइयाँ चार अंस समान, दुखिया भूईयाँ वो पोखराज भूइयाँ वो नारायण भूइयाँ, पिता–बितना भूइयाँ दो अंस समान व हिरवा भूइयाँ वो मिरखा भूइयाँ, पिता–करूआ भूइयाँ चार अंस समान , व देवाधारी भूइयाँ वो बेगवा भूइयाँ, पिता–लक्षुमण भूइयाँ चार अंस भूइयाँ दो अंस, जाति–भूइयाँ, पिता–कुजा भूइयाँ दो अंस, जाति–भुइयाँ, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– पुरानी परती दक्षिण– रामधनी उरांव |
| 14 | राजबार चादर –I | 8 | 641 (P) | टांड दो | 0.65 | 0.45 | कसेसर मोची वो मुनेश्वर मोची वो पुरन मोची , पिता गोखुल मोची , जाति चमार , निवासी निज ग्राम | कसेसर मोची वो मुनेश्वर मोची वो पुरन मोची , पिता गोखुल मोची , जाति चमार , निवासी निज ग्राम | उत्तर– पुनिया मोची दक्षिण– दुखिया भूइयाँ |
| 15 | राजबार चादर –I | 9 | 344 | धान दो | 0.26 | 0.26 | करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव, जाति– उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–हरैया खाड | करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव, जाति– उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–हरैया खाड | उत्तर– सोमर उरांव दक्षिण– जीतु उरांव |
| 16 | राजबार चादर –I | 9 | 865 | धान दो | 0.10 | 0.10 | करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव, जाति– उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–हरैया खाड | करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव, जाति– उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–हरैया खाड | उत्तर– विमला उरांव दक्षिण– बांध |
| 17 | राजबार चादर –I | 9 | 959 | टांड दो | 0.03 | 0.03 | करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव, जाति– उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–हरैया खाड | करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव, जाति– उरॉव, निवासी–निज ग्राम टोला–हरैया खाड | उत्तर– जीतु उरांव दक्षिण– नदी |
| 18 | राजबार चादर –I | 11 | 845 | धान दो | 0.30 | 0.30 | गेन्दरा उरॉव, पिता–जटा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी –निज ग्राम टोला हरैया खांड | गेन्दरा उरॉव, पिता–जटा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी –निज ग्राम टोला हरैया खांड | उत्तर–भवानी सिंह दक्षिण– निज |
| 19 | राजबार चादर –I | 11 | 973 (P) | टांड दो | 2.14 | 2.12 | गेन्दरा उरॉव, पिता–जटा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी –निज ग्राम टोला हरैया खांड | गेन्दरा उरॉव, पिता–जटा उरॉव, जाति–उरॉव, निवासी –निज ग्राम टोला हरैया खांड | उत्तर– नदी दक्षिण– निज |
| 20 | राजबार चादर –I | 12 | 389 | टांड दो | 0.62 | 0.62 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– लुटन उरांव दक्षिण– निज |
| 21 | राजबार चादर –I | 12 | 390 | टांड दो | 0.72 | 0.72 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– गेन्दरा उरांव दक्षिण– अलियार उरांव |
| 22 | राजबार चादर –I | 12 | 395 | टांड दो | 0.64 | 0.64 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– अलियार उरांव |
| 23 | राजबार चादर –I | 12 | 396 | टांड दो | 0.98 | 0.98 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– रामजीत दक्षिण– गेन्दरा उरांव |
| 24 | राजबार चादर –I | 12 | 401 | धान दो | 0.47 | 0.47 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– बांध दक्षिण– शिबू |
| 25 | राजबार चादर –I | 12 | 402 | धान दो | 0.39 | 0.39 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– वदरी दक्षिण– वदरी |
| 26 | राजबार चादर –I | 12 | 403 | धान दो | 0.45 | 0.45 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– शिबू दक्षिण– रामजीत |
| 27 | राजबार चादर –I | 12 | 784 | नई परती | 0.53 | 0.53 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– दक्षिण– |
| 28 | राजबार चादर –I | 12 | 807 | टांड दो | 1.45 | 1.45 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– विवला उरांव दक्षिण– अली उरांव |
| 29 | राजबार चादर –I | 12 | 823 | धान दो | 0.19 | 0.19 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– अली उरांव |
| 30 | राजबार चादर –I | 12 | 824 | धान दो | 0.26 | 0.26 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– शिबू दक्षिण–गेन्दरा |
| 31 | राजबार चादर –I | 12 | 826 | धान दो | 0.12 | 0.12 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– गेन्दरा उरांव दक्षिण– शिबू उरांव |
| 32 | राजबार चादर –I | 12 | 828 | धान दो | 0.03 | 0.03 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– टीपन उरांव दक्षिण– बद्री उरांव |
| 33 | राजबार चादर –I | 12 | 830 | टांड दो | 0.75 | 0.75 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– बद्री उरांव दक्षिण– अली उरांव |
| 34 | राजबार चादर –I | 12 | 832 | धान दो | 0.26 | 0.26 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर–टीपन उरांव दक्षिण– रामजीत उरांव |
| 35 | राजबार चादर –I | 12 | 834 | धान दो | 0.11 | 0.11 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– शिबू उरांव दक्षिण– टीपन उरांव |
| 36 | राजबार चादर –I | 12 | 838 | धान दो | 0.18 | 0.18 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– बद्री उरांव दक्षिण– अली उरांव |
| 37 | राजबार चादर –I | 12 | 842 | धान दो | 0.18 | 0.18 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– भवानी सिंह दक्षिण– बद्री उरांव |
| 38 | राजबार चादर –I | 12 | 843 | धान दो | 0.17 | 0.17 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– बद्री उरांव दक्षिण– बिहार सरकार |
| 39 | राजबार चादर –I | 12 | 844 | धान दो | 0.26 | 0.26 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– शिबू उरांव दक्षिण– शिबू उरांव |
| 40 | राजबार चादर –I | 12 | 849 | धान दो | 0.10 | 0.10 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– रामजीत उरांव दक्षिण– शिबू उरांव |
| 41 | राजबार चादर –I | 12 | 850 | धान दो | 0.08 | 0.08 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– टीपन उरांव |
| 42 | राजबार चादर –I | 12 | 851 | धान दो | 0.10 | 0.10 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– निज दक्षिण– लाल प्रदीप नाथ सहदेव |
| 43 | राजबार चादर –I | 12 | 882 | टांड दो | 0.18 | 0.18 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– रास्ता दक्षिण– बद्री उरांव |
| 44 | राजबार चादर –I | 12 | 883 | टांड दो | 0.19 | 0.19 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– शिबू उरांव दक्षिण– गेन्दरा उरांव |
| 45 | राजबार चादर –I | 12 | 884 | टांड दो | 0.25 | 0.25 | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | गेन्दरा उरॉव, वो बदरी उरॉव, पिता–जटा उरॉव दो अंस समान, व शिवु उरॉव, पिता– जतरू उरॉव एक अंस, जाति–उरॉव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलंग | उत्तर– बद्री उरांव दक्षिण– रास्ता |

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 342016 Land Reforms(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## एसओए में अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन का आयोजन

# रोगियों के उपचार में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ ब्रजकिशोर दास



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार में चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के अतिरिक्त निदेशक प्रोफेसर (डॉ) ब्रजकिशोर दास ने शनिवार को कहा कि दवा और सर्जिकल हस्तक्षेप को अलग रखते हुए फिजियोथेरेपी रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मेडिकल छात्रों को अपने अकादमिक दौर से गुजरते समय फिजियोथेरेपी के महत्व का एहसास होना चाहिए। प्रोफेसर (डॉ) ब्रजकिशोर दास शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (एसओए) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन चिकित्सा विज्ञान संस्थान और एसयूएम अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग, एसओए के मेडिसिन संकाय, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपी (आइएपी) की उत्कल इकाई और आइपीए की महिला सेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

सत्र को आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के डीन प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्रा ने भी संबोधित किया, जिन्होंने अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहर ने कहा कि फिजियोथेरेपी हृदय संबंधी समस्याओं और जटिल समस्याओं से पीड़ित कई रोगियों को ठीक करने में सहायता कर रही है।

कार्यक्रम को आइएपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजीव झा और आइएपी की महिला सेल की अध्यक्ष डॉ रुचि वार्ष्णेय और सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ स्थितिप्रज्ञा डालाबेहरा ने भी संबोधित किया, जो आइएमएस और एसयूएम अस्पताल में फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख भी हैं।

# आइएएस बिष्णुपद सेठी और उनके ड्राइवरों को पूछताछ के लिए सीबीआइ ने समन भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली अपराध जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने 7 दिसंबर को मेफेयर होटल के पास नकदी जब्ती के संबंध में आइएएस बिष्णुपद सेठी को 10 दिसंबर को समन जारी किया है।

जानकारी के मुताबिक सीबीआई की छापेमारी में शामिल तीनों आरोपियों ने आइएएस बिष्णुपद सेठी के ड्राइवर के खाते में पैसे ट्रांसफर किये थे। टेंडर फिक्स करने के लिए ऐसा किया गया था। सेठी से जानकारी हासिल करने के लिए उन्हें 10 दिसंबर को समन जारी कर 11 दिसंबर को सीबीआइ के सामने पेश होने को कहा गया था। उनके ड्राइवरों को भी सीबीआइ पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

आइएएस बिष्णुपद सेठी वर्तमान में ओड़िशा सरकार के विभिन्न विभागों के मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें उन विभागों से सरकारी वाहन आवंटित किये गये हैं। सभी ड्राइवरों को पूछताछ के लिए सीबीआइ समन जारी किया गया था। सीबीआइ ने ओड़िशा सरकार से संबंधित ड्राइवरों के टेलीफोन नंबर मांगे थे। हालांकि, आइएएस अधिकारी ने कोई बयान देने से परहेज किया है।

इस घटना के बाद कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने बयान जारी कर कहा है कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून मंत्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह नौकरशाह है, राजनेता है या वीआइपी। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## पारा 10 डिग्री से नीचे

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में भीषण शीतलहर चल रही है और पूरे राज्य में तापमान गिर रहा है। कई इलाकों में ठंड का कहर जारी है और कुछ जगहों पर तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंच गया है। 20 से ज्यादा शहर अब 15 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा ठंडे हैं।

HIND JOB PLACEMENT
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED INSTITUTE
URGENT REQUIREMENT FOR
HVAC
LOCATION : BANGALORE
Anyone Interested Send Your CV
9234721984
Head Office : Hind Iti- Road No 17, Nisha Apartment, Near Kerala Public School Mango, Jamshedpur, Tata Nagar, Jharkhand India

# डुप्लेक्स से 40 लाख रुपये से अधिक के आभूषण लूट लिये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के भुवनेश्वर के बाहरी इलाके पहल इलाके में एक हाउसिंग सोसाइटी में एक बार फिर लूट की वारदात हुई है। इस बार लूट की यह वारदात पहल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत सिटी होम हाउसिंग सोसाइटी के 4 डुप्लेक्स से हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, लुटेरों ने मकान मालिकों की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए सिटी होम हाउसिंग सोसायटी में प्रवेश किया और चार डुप्लेक्सों में लूटपाट की। लुटेरों ने डुप्लेक्स नंबर डी-2, डी-13, डी-20 और डी-48 में घुसकर करीब 40 लाख रुपये मूल्य के सोने और हीरे के आभूषण लूट लिये।

लूट की सूचना मिलने के बाद पहल थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

ज्ञात हो कि इससे पहले भी इस तरह की लूट की कुछ घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसमें लुटेरे लाखों की संपत्ति लूटकर ले गये थे। पिछली बार पहल थाना क्षेत्र के सनराइज सरोवर अपार्टमेंट में चोरी की घटना हुई थी।

# पीएमएसजीएमबीवाइ के शुभारंभ के बाद रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में हर महीने दस गुना वृद्धि हुई

**मार्च 2025 तक 10 लाख से अधिक इंस्टॉलेशन**

**2027 तक एक करोड़ इंस्टॉलेशन का लक्ष्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजीएमबीवाइ) दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सौर योजना भारत के सौर ऊर्जा परिदृश्य को बदल रही है। मार्च 2025 तक इंस्टालेशन की संख्या 10 लाख को पार कर अक्टूबर 2025 तक 20 लाख, मार्च 2026 तक 40 लाख तथा मार्च 2027 तक एक करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। पीएमएसजीएमबीवाइ के केवल 9 महीनों के भीतर 6.3 लाख इंस्टॉलेशन हासिल किये गये हैं, जो औसतन 70,000 प्रति माह है। यह मासिक इंस्टॉलेशन में दस गुना वृद्धि को दर्शाता है, जबकि फरवरी 2024 में योजना के शुभारंभ से पहले यह औसत 7,000 प्रति माह था। गुजरात, महाराष्ट्र, केरल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों ने मजबूत बुनियादी ढांचे और हितधारक सहयोग को दर्शाते हुए असाधारण प्रगति प्रदर्शित की है।

पीएमएसजीएमबीवाइ की प्रारंभिक प्रगति ठोस आधारशिला रखने का प्रमाण है। यह योजना आने वाले महीनों में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है, जिससे छत पर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कार्यान्वयन चुनौतियों का त्वरित समाधान करते हुए योजना को तेजी से रोलआउट किया गया :** प्रारंभिक कार्यान्वयन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया ताकि रोलआउट में तेजी लाई जा सके। डिस्कॉम ने आवश्यक बिजली लोड क्षमता सुनिश्चित करने के लिए ऑटो-लोड संवर्द्धन किया, जबकि 10 किलोवाट तक की प्रणालियों के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट (टीएफआर) को माफ करके विनियामक बाधाओं को कम किया गया। डिस्कॉम द्वारा समय पर निरीक्षण से सब्सिडी जारी करने में तेजी आई और नेट मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी। विक्रेता आधार का विस्तार करने के प्रयासों ने 3 किलोवाट तक की प्रणालियों के लिए जन समर्थ पोर्टल के माध्यम से किफायती वित्तपोषण विकल्पों के साथ तेजी से तैनाती का समर्थन किया।

**बड़े पैमाने पर तैनाती के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण :** 90 से अधिक डिस्कॉम, बैंकों और अन्य हितधारकों को एकीकृत करने के लिए मजबूत आईटी सिस्टम का निर्माण इस पैमाने पर परिचालन के समन्वय के लिए महत्वपूर्ण था। विक्रेता विकास प्राथमिकता रही है, लगभग 9,000 विक्रेता सक्रिय हो चुके हैं और प्रतिदिन और भी विक्रेता जुड़ रहे हैं। क्षमता निर्माण पहलों ने उच्च गुणवत्ता वाली स्थापना और सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए 40,000 कर्मियों को प्रशिक्षित किया है। अगले आठ महीनों में अतिरिक्त 2 लाख तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके अलावा, 50,000 से अधिक डिस्कॉम इंजीनियरों को छतों पर लगे सौर संयंत्रों का निरीक्षण और संचालन करने तथा नेट मीटर उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

RAJENDRA VIDYALAYA, GHUTIA
(An English Medium Co-education School Based On ICSE Pattern.)
NO ADMISSION CHARGE
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
From Nursery to Std VIII
Why RV Ghutia?
• Bus Facility Available
• Qualified & Experienced Teachers
• Under CCTV Surveillance
• Engaged Learning
Hurry up! To Register
Visit school office : 8:00 AM to 1:00 PM (Monday to Friday)
www.rvghutia.in 8252456106

## जज का फर्जी हस्ताक्षर किया और मुहर बनायी

# मृतक जवान की पेंशन के 20 लाख रुपये लूटे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मयूरभंज जिले में बदमाशों ने एक न्यायाधीश के जाली हस्ताक्षर और मुहर का इस्तेमाल कर एक मृतक सैनिक की पेंशन राशि 20 लाख रुपये लूटने का दुस्साहस किया। इस सिलसिले में कम से कम 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार मृतक जवान की पेंशन राशि 20 लाख रुपये लूटने के लिए एक पुराने कोर्ट ऑर्डर को फर्जी बनाया गया। जज के हस्ताक्षर और मुहर जाली बनाकर मृतक जवान की पेंशन राशि लूट ली गयी।

रिपोर्ट के अनुसार 2021 में जज ने तलाक के एक मामले की सुनवाई की और फैसला सुनाया। हालांकि 2007 में 2021 के उक्त कोर्ट ऑर्डर में जालसाजी की गई और एक फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया, जिसमें कहा गया कि सीआइएसएफ जवान जदुनाथ सिंह और उनकी पत्नी मिनाती के बीच तलाक हो गया है। बाद में विवाह प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिया गया, जिसमें जदुनाथ और उसकी भाभी (भौजा) सोमबारी का विवाह होना बताया गया। वर्ष 2023 में सीआईएसएफ जवान जदुनाथ की मृत्यु के बाद उक्त फर्जी दस्तावेज का उपयोग कर मृतक जवान की पेंशन सीआइएसएफ से 20 लाख रुपये हड़प लिये गये। जब यह पाया गया कि पैसा धोखाधड़ी से निकाला गया है, तो जांच की गयी, जिसके परिणामस्वरूप पूरी धोखाधड़ी का पर्दाफाश हो गया। इस घटना में उदाला पुलिस ने मेहुरल बनमाली सिंह, कंप्यूटर दुकानदार विजय पात्रा और मृतक जवान की भाभी सोमवारी और उसके भतीजे नीलम सिंह के साथ सरकारी वकील प्रतिमा साहू को गिरफ्तार किया है।

## एसटीएफ ने तेंदुए की खाल रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**भुवनेश्वर।** विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मनमुंडा पुलिस सीमा के अंतर्गत मेहरूनी पुल के पास मनमुंडा-सागड़ा रोड पर छापेमारी की और तेंदुए की खाल रखने के आरोप में नारायण माझी (28) नामक एक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से तेंदुए की खाल के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया और बौध जिले के कंटामल में जेएमएफसी के समक्ष पेश किया गया। उसके खिलाफ वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 51 के तहत शिकायत दर्ज की गयी। जब्त की गयी खाल को जैविक परीक्षण के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के निदेशक को भेजा जायेगा।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के कंधमाल जिले में शनिवार को एक युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। हादसा तुमुदिबंधा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बंगाली घाटी के पास हुआ। मृतक की पहचान तुमुदिबांधा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कालीसापदर गांव के संतोष बलियार सिंह के रूप में हुई है। संतोष अपनी बाइक से तुमुदीबंधा किसी काम से जा रहा था। जब वह बंगाली घाटी पार कर रहा था, तो उसे एक वाहन ने टक्कर मार दी। चूंकि दुर्घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, इसलिए यह पता नहीं चल सका कि उसे किस वाहन ने टक्कर मारी।

SUCCESS CLASSES
COACHING CLASSES FOR CLASS 1 TO 12
SCIENCE
COMMERCE
COMPUTER
HOME TUITIONS
ALSO PROVIDED BY OUR EXPERIENCED TEACHERS
9508580770 / 6299305592
NEAR MOON CITY, DIMNA ROAD, MANGO, JAMSHEDPUR

## ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** आबकारी विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार शाम चौद्वार थाना क्षेत्र के नुआपटना छक्का के पास से 104 ग्राम ब्राउन शुगर रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिकारियों की एक टीम ने इलाके में छापेमारी की और उस व्यक्ति की जांच की, जिसकी पहचान उन्होंने कटक शहर के गुरुदिझटिया इलाके के सच्चिदानंद पांडा के रूप में की और उसके पास से प्रतिबंधित सामान बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

रंभा शैक्षणिक संस्था समूह, गीतिलता, जमशेदपुर
RAMBHA GROUP OF INSTITUTION
E-mail : contact.rambha@gmail.com
Website : www.rambhacollege.in
नामांकन जारी है
शहरी और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा का सुअवसर
BBA, BCA, B.Sc (IT) में upto 100% Placement की सुविधा
रंभा डिग्री कॉलेज प्रति सेमेस्टर फीस ₹ 1500/- मात्र
B.A | B.B.A Digital Marketing + Data Analytics | B.Sc(IT) Digital Marketing + Data Analytics | B.C.A. Digital Marketing + Data Analytics
B.Com Data Analytics | ANM GNM | B.Ed | D.El.Ed | B.Sc Nursing
शुल्क: BA ₹3000/सेमेस्टर, B.Com ₹3000/सेमेस्टर, BBA ₹10,000/सेमेस्टर, BCA ₹10,000/सेमेस्टर, B.Sc(IT) ₹10,000/सेमेस्टर, ANM ₹25,000/सेमेस्टर, GNM ₹45,000/सेमेस्टर, ITI ₹8000/सेमेस्टर
नामांकन सुरक्षित करने हेतु संपर्क करें : 9102999123, 9102999124, 7982290848

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
JAMSHEDPUR, JHARKHAND
BACET ESTD. 2007
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
9431397179, 7739479067, 9006770065, 9709111915, +91-657-2442533
B.TECH
• COMPUTER SCIENCE & ENGG. (CSE)
• MECHANICAL ENGG. (ME)
• CIVIL ENGG. (CE)
• ELECTRICAL & ELECTRONICS ENGG. (EEE)
• ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG. (ECE)
NEW EMERGING COURSES
• CSE (ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING)
• CSE (IoT, CYBER SECURITY & BLOCK CHAIN)
• SAFETY & FIRE ENGG.
DIPLOMA CE, EE, ME
BBA
BCA
FOR WORKING PROFESSIONALS (Evening Classes)
B.TECH ME, EEE, CE
DIPLOMA ME, EE, CE
REGISTRATIONS OPEN, VISIT NOW WWW.BACET.AC.IN

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**